दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 333 | सीकर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## एसओजी ने जेई परीक्षा-2021 पेपर लीक का किया भंडाफोड़

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** कनिष्ठ अभियंता (जेई) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020 के पेपर लीक होने के बाद निरस्त की गई परीक्षा के पुन: आयोजन में भी गंभीर अनियमितता सामने आई है। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की जांच में खुलासा हुआ है कि 12 सितंबर 2021 को आयोजित पुन: कनिष्ठ अभियंता (सिविल) भर्ती परीक्षा-2021 का प्रश्नपत्र भी परीक्षा से पहले ही लीक कर दिया गया था। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि दिसंबर 2020 में आयोजित कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा-2020 का पेपर लीक होने के कारण इसे निरस्त किया गया था। जिस संबंध में सांगानेर थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। उसी मामले की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि निरस्त परीक्षा में सफल अभ्यर्थी पुन: आयोजित परीक्षा में भी संदिग्ध रूप से सफल हुए। जांच में यह उजागर हुआ कि पुन: आयोजित परीक्षा-2021 में भी संगठित पेपर माफिया सक्रिय था और परीक्षा से पूर्व प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में 19 जनवरी 2026 को थाना एसओजी में नया प्रकरण दर्ज किया गया। एसओजी ने इस मामले में जगदीश विश्नोई निवासी सांचौर जिला जालौर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया। जांच में यह भी सामने आया कि गणपतलाल बिश्नोई निवासी सांचौर जिला जालौर, जो वर्तमान में सार्वजनिक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत है, को अवैध तरीके से परीक्षा उत्तीर्ण कराई गई। वह इस भर्ती में मेरिट क्रमांक 12 पर चयनित हुआ तथा बाद में पदोन्नत भी किया गया। एसओजी ने बताया कि इससे पहले सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 के प्रश्नपत्र लीक होने के तथ्य भी सामने आ चुके हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भर्ती परीक्षाओं की शुचिता को प्रभावित करने वाला एक संगठित गिरोह सक्रिय है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है। एसओजी द्वारा पूरे नेटवर्क की पहचान, अन्य संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी तथा अवैध रूप से अर्जित लाभ को निरस्त कराने की कार्रवाई जारी है।

## इंटरेक्टिव बोर्ड व एलईडी भेंट

निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे की मंजुला सराफआदर्श विद्या मन्दिर में बीकानेर मेडिकोज हेल्थकेयर सेन्टर के संचालक डॉ जमुना प्रसाद शर्मा की ओर से एक लाख की लागत से इंटरेक्टिव बोर्ड दिया गया। वहीं दानदाता पुष्पा देवी, धर्मेंद्र जैन के द्वारा 55 इंच की स्मार्ट एलईडी विद्यालय को भेंट की गई। डॉ जमुनाप्रसाद शर्मा, जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा आदर्श शिक्षण संस्थान चूरू, स्थानीय समिति के अध्यक्ष धनराज सैन के द्वारा उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य श्रीकृष्ण स्वामी ने दोनों का आभार जताया। रामनारायण मारू व शिशुवाटिका प्रमुख अनिता शर्मा ने स्मार्ट बोर्ड, स्मार्ट टीवी की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।



बच्चों को सीखने में इन सहायक संसाधनों का बहुत ही महत्वपूर्ण उपयोग होगा। इस अवसर पर ओमप्रकाश पारीक, पुरूषोत्तम सैन, वरिष्ठ आचार्य बजरंग सिंह भाटी, काशीराम स्वामी, अजय सिंह, रामचन्द्र सुथार, तारा दर्जी, ममता स्वामी, अनिता शर्मा, मिनाक्षी मारू, शिल्पा मारू, द्रोपती पारीक, गुजंन पारीक, सुषमा सैनी, कंचन प्रजापत आदि उपस्थित रहें।

## गणतंत्र दिवस परेड- नेवी मार्चिंग दल तीनों सेनाओं में बेस्ट

नई दिल्ली।

गणतंत्र दिवस परेड 2026 के विजेताओं के नाम को बुधवार को एलान किया गया। इसमें इंडियन नेवी के मार्चिंग दस्ते को तीनों सेनाओं बेस्ट माना गया। वहीं राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महाराष्ट्र ने बेस्ट झांकी की लिस्ट में टॉप किया। इसमें गणेश उत्सव को आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया था। पारंपरिक पोशाक पहनी महिलाओं ने झांकी के दोनों ओर लोक नृत्य किया। वहीं, संस्कृति मंत्रालय की वंदे मातरम की 150 साल की विरासत का जश्न मनाने वाली झांकी मंत्रालयों और विभागों की श्रेणी में विजेता रही। अधिकारियों ने बताया कि 30 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में किया जाएगा। नेवी के अधिकारियों ने बताया कि नेवी के मार्चिंग दल में 144 युवा कर्मी ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर कंधे से कंधा मिलाकर मार्च कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नौसेना के मार्चिंग दल ने तीनों सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल का शीर्ष पुरस्कार जीता।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## केंद्र को नया ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश; देशभर में नियमों का विरोध

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या की बेंच ने कहा कि इसके प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनका गलत इस्तेमाल हो सकता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान की याचिकाओं पर की, जिनमें आरोप लगाया गया है कि नए नियम जनरल कैटेगरी के छात्रों के साथ भेदभाव करते हैं।

यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इनका देशभर में विरोध हो रहा है। अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही नियमों का ड्राफ्ट फिर से तैयार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिलहाल 2012 के यूजीसी नियम देशभर में लागू रहेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट के अहम कमेंट्स-

**कोर्ट** ने पूछा कि जब 'भेदभाव' की परिभाषा पहले से सभी तरह के भेदभाव को कवर करती है, तो 'जाति-आधारित भेदभाव' को अलग से परिभाषित करने की जरूरत क्यों पड़ी?

**कोर्ट** ने यह भी सवाल उठाया कि रेगुलेशंस में रैगिंग को क्यों शामिल नहीं किया गया, जबकि यह कैंपस में एक बड़ी समस्या है।

**सीजेआई** ने कहा- अनुसूचित जातियों में भी कई लोग अब आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुके हैं। हमने अब तक जो जातिविहीन समाज की दिशा में प्रगति की है, क्या हम अब फिर से पीछे जा रहे हैं?





## छाया घना कोहरा, सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** शहर सहित आसपास के इलाकों में गुरुवार को घना कोहरा छाया रहा। वहीं बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन का अहसास करा दिया। गुरुवार अल सुबह से लेकर सुबह 9 बजे तक शहर व क्षेत्र कोहरे की आगोश में रहा। सवेरे-सवेरे धुंध के बीच 10 मीटर से आगे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह जब लोग नींद से जागे तो भीषण कोहरा नजर आया। हालात ये थे कि हाइवे से लेकर शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ गई।

दिन में भी हैड लाइट जलाकर चालकों को वाहन चलाना पड़ा। मौसम एक्सपर्ट्स का मानना है कि फिलहाल अभी 3-4 दिन तक सीकर जिले में तेज सर्दी का दौर जारी रहेगा। अगले दो से तीन दिनो में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट की संभावना है। 31 जनवरी-1 फरवरी को सीकर जिले में फिर से बारिश की गतिविधियां होने का अनुमान है। अभी इलाके में बर्फीली हवाओं की वजह से कड़ाके की सर्दी का दौर बना हुआ है।

## कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत के बाद हंगामा-तनाव

जोधपुर।

राजस्थान की कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत के बाद से जोधपुर में पोस्टमॉर्टम के दौरान अस्पताल में तनाव के हालत बन गए थे। समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद शव को रवाना किया गया। शुक्रवार को जास्ती गांव में साध्वी का अंतिम संस्कार होगा।

इससे पहले बुधवार रात को उनकी मौत की जानकारी सामने आने के बाद से सैकड़ों की संख्या में भक्त अस्पताल पहुंच गए थे। कई भक्तों ने उनके पिता और आश्रम पर भी साध्वी की मौत को लेकर सवाल उठाए। वहीं, उनके पिता ने मौत का कारण गलत इंजेक्शन को बताया है।

## अजित पवार का अंतिम संस्कार

### पत्नी ने गंगाजल चढ़ाया, बेटों ने मुखाग्नि दी

### गन सैल्यूट दिया गया; शाह और शरद पवार मौजूद रहे



**बारामती/मुंबई/नई दिल्ली.** बारामती के काटेवाड़ी स्थित विद्या प्रतिष्ठान मैदान में गुरुवार को महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार का अंतिम संस्कार हो गया। उनके दोनों बेटों पार्थ और जय पवार ने मुखाग्नि दी। पत्नी सुनेत्रा पवार ने पति के पार्थिव शरीर पर गंगाजल चढ़ाकर अंतिम विदाई दी। इस मौके पर चाचा शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले, गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। अंतिम संस्कार में महाराष्ट्र के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंचे। बारामती में देर रात से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह के वक्त कई इलाकों में जाम की स्थिति बन गई। समर्थक बाइक, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बस से पहुंचे। अंतिम यात्रा में एक से दो किमी तक तक लोग ही लोग नजर आ रहे थे। पवार का चार्टर्ड प्लेन बुधवार सुबह बारामती एयरपोर्ट के पास सुबह 8.45 बजे क्रैश हुआ था। वे 66 साल के थे। बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू समेत 5 लोगों की मौत हुई। पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए 4 रैलियों को संबोधित करने वाले थे। पवार के निधन पर महाराष्ट्र में 3 दिन का राजकीय शोक रखा गया है।

## एसआईआर के खिलाफ सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

### याचिकाकर्ता बोले- ईसीआई मनमानी नहीं कर सकता, चुनाव अधिकारी अदालत नहीं जो नागरिकता तय करेंगे

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में सभी राज्यों में नियमों का सही ढंग से पालन करना चाहिए। तमिलनाडु में जिन लोगों का नाम स्पेलिंग एरर के चलते काटा गया है। उनकी लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, सब-डिवीजन के तालुका ऑफिस और शहरी इलाकों के वार्ड ऑफिस में लगाई जाए।

उधर याचिकाकर्ता की तरफ से पेश एडवोकेट प्रशांत भूषण ने दलील दी कि नई वोटर लिस्ट बनाने की कोशिश में महिलाओं के नाम कट रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। गरीब और कमजोर लोगों पर बोझ डाला गया। वोटर को खुद फॉर्म भरने की जिम्मेदारी दी गई है। जो अनपढ़ हैं या प्रवासी हैं वो फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता है। चुनाव अधिकारी यह कैसे तय कर सकता है कि कोई नागरिक है या नहीं? वे कोई अदालत नहीं है। अगर विवाद हो तो जिरह का मौका मिलना चाहिए।

**कोर्ट :** हम भारत के चुनाव आयोग से उम्मीद करते हैं कि वह उन सभी राज्यों में इन प्रक्रियात्मक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेगा जहां एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। कोर्ट अब विभिन्न राज्यों में एसआईआर को दी गई चुनौती पर सुनवाई कर रहा है।

## बैठक : कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देने को तैयार भाजपा

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी जिला झुंझुनू की संगठनात्मक बैठक भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नवगठित जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों का परिचय कराया गया। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ की गई। जिलाध्यक्ष कुलहरी ने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों को अपने-अपने मंडलों में संगठन को मजबूती देने, कार्यकर्ताओं की शक्ति पहचानने तथा जनसंपर्क को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने वीबीजीरामजी को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी मंडल अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में जनता तक सच्चाई पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा द्वारा विभिन्न मंडलों के प्रभारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर संगठनात्मक कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया संयोजक, कोषाध्यक्ष, विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री वीरपाल सिंह ने किया जबकि जिला महामंत्री दिलीप सैनी ने आभार व्यक्त किया।



# हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल डेढ़ लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की डूंगरपुर टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना दोवड़ा, जिला डूंगरपुर में तैनात हेड कांस्टेबल अशोक कुमार पाटीदार और कांस्टेबल प्रकाश चन्द्र पटेल को 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ब्यूरो को शिकायत प्राप्त हुई थी कि परिवादी को ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के अनुसार 18 जनवरी को परिवादी को पुलिस वाहन में बैठा कर थाना दोवड़ा ले जाया गया, जहां उसके मोबाइल की जांच कर उस पर ठगी का आरोप लगाया गया। आरोपियों ने मुकदमा दर्ज नहीं करने और मोबाइल वापस देने की एवज में 2 लाख रुपये की मांग की। बाद में बातचीत के दौरान आरोपी 1.50 लाख रुपये लेने पर सहमत हो गए। 28 जनवरी 2026 को रिश्वत मांग का सत्यापन किया गया, जिसमें आरोप सही पाए गए। उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में तथा पुलिस उप अधीक्षक रतन सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एसीबी डूंगरपुर टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को रिश्वत की राशि लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

### पालिका के तीन कर्मचारी 48 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए नगरपालिका अनूपगढ़ श्रीगंगानगर के तीन कर्मचारियों को 48 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील कुमार सहायक लेखाधिकारी, सुरेश कुमार स्टोरकीपर एवं भारत सोनी कम्प्यूटर ऑपरेटर-निविदा शामिल हैं। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी श्रीगंगानगर इकाई ने यह कार्रवाई की। आरोपियों ने परिवादी की फर्म के पेंडिंग बिलों के भुगतान की एवज में पूर्व में किए गए लगभग 4 लाख रुपये के भुगतान पर 12 प्रतिशत कमीशन के रूप में 48 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी श्रीगंगानगर को शिकायत प्राप्त हुई थी कि सुनील कुमार एवं सुरेश कुमार द्वारा परिवादी से उसके पहले बिल की राशि 4,09,000 रुपये पर 15 प्रतिशत कमीशन मांगा जा रहा है तथा रिश्वत नहीं देने पर पेंडिंग बिलों का भुगतान रोकने की धमकी दी जा रही है। शिकायत का सत्यापन कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा एसीबी श्रीगंगानगर के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### ग्राम विकास अधिकारी 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जोधपुर जिले में कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत केतु मदा, पंचायत समिति सेखाला के ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्र को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण द्वारा यह कार्रवाई की गई। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ब्यूरो को शिकायत प्राप्त हुई थी कि आरोपी ग्राम विकास अधिकारी द्वारा परिवादी की फर्म, जिसका ग्राम पंचायत केतू मदा में निर्माण कार्यों के लिए मटेरियल सप्लाई का टेंडर स्वीकृत है, से भुगतान की एवज में 6 प्रतिशत कमीशन की मांग कर परेशान किया जा रहा है। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा परिवादी से 15 हजार रुपये रिश्वत के रूप में पहले ही प्राप्त कर लिए गए थे। इसके बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। उप महानिरीक्षक पुलिस भुवन भूषण यादव एसीबी जोधपुर के सुपरविजन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी एसीबी जोधपुर ग्रामीण के नेतृत्व में उप अधीक्षक पुलिस महेश श्रीमाली एवं एसीबी टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेन्द्र को रिश्वत की राशि लेते हुए मौके पर गिरफ्तार कर लिया।

## कोबरी-सार



# निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के इतिहास विभाग द्वारा वन्देमातरम् 150 विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। आयोजन सचिव डॉ मुकेश हर्ष ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों हेतु रखी गई थी जिसमें 44 विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। प्रतियोगिता के अंत में इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ मेघना शर्मा द्वारा मंच से विजेताओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया जिसमें वंदना पुरोहित, जयश्री प्रजापत व नरेश कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार अभिषेक शर्मा को दिया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ मेघना ने कहा कि आज भारत की युवा पीढ़ी जहां विज्ञान, तकनीक और वैश्विक सहभागिता की ओर बढ़ रही है वहीं राष्ट्रगीत वन्देमातरम कर्तव्य, संवेदनशीलता और दायित्व निर्वहन के भाव जाग्रत करता है। इसलिए युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम से जोड़ने हेतु ऐसी प्रतियोगिताओं का विभाग समय समय पर आयोजन करता है। आयोजन में विभाग के अतिथि शिक्षक जसप्रीत सिंह, रिंकू जोशी, डॉ गोपाल व्यास, डॉ रीतेश व्यास, डॉ खुशाल पुरोहित, भगवान दास सुथार, किरण के साथ साथ तेजपाल भारती का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वास्थ्य और खुशहाली का जश्न : सेराजेम इंडिया ने स्थापना दिवस मनाया

**देशभर के सेराजेम सेंटरों पर विशेष कार्यक्रम, बड़ी संख्या में ग्राहकों की सहभागिता**



बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत में हेल्थकेयर और थैरेपी के क्षेत्र में अग्रणी सेराजेम इंडिया ने अपने स्थापना दिवस को स्वास्थ्य और खुशहाली के दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर देशभर के सेराजेम सेंटरों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं और स्वास्थ्य प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पिछले दो दशकों से अधिक समय से सेराजेम अपनी उन्नत स्पाइनल थर्मल मसाज तकनीक के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। दक्षिण कोरिया की आधुनिक तकनीक पर आधारित सेराजेम उत्पादों ने भारतीय घरों में रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य और प्राकृतिक उपचार के प्रति नई जागरूकता पैदा की है।

### कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित 16 अक्टूबर वर्ल्ड स्पाइन डे तथा सेराजेम द्वारा मनाए गए स्पाइन मंथ के अंतर्गत भाग लेने वाले व्यक्तियों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इसके साथ हीए लंबे समय से सेराजेम परिवार से जुड़े पुराने और नियमित ग्राहकों को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी द्वारा भविष्य की योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, सेवाओं के विस्तार और अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने पर जोर दिया गया।

### प्रबंधन का संदेश

सेराजेम सेंटर की संचालिका कंचन खान एवं राजस्थान के जोनल मैनेजर रेहान खान ने कहा, श्यह सफर हमारे ग्राहकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल मशीनें उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि हर घर तक स्वस्थ जीवनशैली का संदेश पहुंचाना है। आने वाले समय में हम अपनी सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सेराजेम एक वैश्विक हेल्थकेयर कंपनी है, जो अपनी पेटेंटेड थर्मल मसाज तकनीक के लिए जानी जाती है। भारत में लंबे समय से सक्रिय यह कंपनी रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य और प्राकृतिक उपचार के प्रति लोगों को निरंतर जागरूक कर रही है।

# कौशल विकास सामग्री वितरित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार राउमावि बीलवा में गुरुवार को कक्षा 10 के 30 विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत कौशल विकास सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनुकंपा अरड़ावतिया थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकिशन शर्मा, दुर्गा प्रसाद सेन मौजूद थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ चरण सिंह शेरावत ने की। अनुकंपा अरड़ावतिया ने बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सभी बच्चों को कौशल विकास सामग्री का लाभ ले। प्रधानाचार्य डॉ चरण सिंह शेरावत ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के दो ट्रेडों, सूक्ष्म सिंचाई व स्वास्थ्य देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संचालन राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर हिम्मत सिंह, सतीश यादव, प्रदीप कुमार, दिनेश कुमार, मोहित चौधरी, आदित्य शर्मा, श्रवन कुमार, सोहनलाल, भीमसिंह, कुसुमलता सहित स्कूल स्टॉफ एवं बच्चे मौजूद थे।

# नैतिक मूल्यों के पतन से बढ़ते साइबर अपराध मानवता के लिए एक चुनौती विषय पर संगोष्ठी आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** एमजेडी राजकीय महाविद्यालय तारानगर, ग्लोबल संस्कृत फोरम, नई दिल्ली और राजस्थान प्रांत के संयुक्त तत्त्वावधान में नैतिक मूल्यों के पतन से बढ़ते साइबर अपराध मानवता के लिए एक चुनौती विषय पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के अध्यक्ष महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलगुरू प्रो. मनोज दीक्षित ने वर्तमान संदर्भ में नैतिक पतन के परिप्रेक्ष्य में गुरुकुल पद्धति की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि लॉ एण्ड रिसर्च, एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के प्रोफेसर अरविंद पी. भानू, मुख्य वक्ता एडजंक्ट एजिटिंग प्रो रश्मि राय रावत, विशिष्ट अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय, सरदारशहर के प्राचार्य डॉ योगेश कुमार चाहर, राजकीय महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ विवेक कुमार सैनी, राजकीय लोहिया महाविद्यालय चूरू की प्राचार्य प्रो मंजू शर्मा, एसडीएम तारानगर राजेन्द्र कुमार, चीन से डॉ विवेक मणी त्रिपाठी, सिंगापुर से शिखा मंकोटिया के सारगर्भित व्याख्यानों ने संगोष्ठी को सार्थक दिशा प्रदान की। संगोष्ठी की सरंक्षक प्राचार्य प्रो. सत्यवती बुडानिया, संगोष्ठी के संयोजक हंसराज परिहार, आयोजन सचिव डॉ शंकर लाल, डॉ सरिता, राजेन्द्र प्रसाद कस्वां ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सह संरक्षक अन्तर्राष्ट्रीय सचिव डॉ राजेश कुमार मिश्र ने संस्कृत साहित्य में नैतिकता एवं उसका महत्त्व आधुनिक संदर्भ विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में वक्ता डीन अन्तर्राष्ट्रीय अफेयर्स डिपार्टमेंट ऑफ टीचर एजूकेशन, सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी हरियाणा के प्रो. दिनेश चहल, सीनियर साइंटिस्ट सीएसआईआर मिनिस्ट्री ऑफ साईस ऑफ टेक्नोलॉजी, भारत सरकार, चण्डीगढ के डॉ अभिषेक गुप्ता, लॉ केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा, महेन्द्रगढ़ के डॉ धर्मपाल सिंह पूनियां ने नैतिक मूल्यों के उत्थान व महत्त्व पर बल दिया। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. राजेन्द्र डाबी, मोका मॉरिशस, प्रो. एम.एम. शेख, विभागाध्यक्ष भूगोल, लोहिया महाविद्यालय चूरू व एसबीआई भादरा के मुख्य प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह ने साईबर अपराध के कारण, प्रभाव व साईबर सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगोष्ठी में 500 से अधिक प्रोफेसर, शोधार्थी व विद्यार्थियों ने ऑरल प्रजेंटेशन व पोस्टर प्रजेंटेशन के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति प्रकट की। इस अवसर पर स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

# कुंभाराम नहर परियोजना का विधायक ने उठाया मुद्दा

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर विधायक ने विधानसभा में पेयजल का मुद्दा उठाया है। इस दौरान उन्होंने तीन माह से चल रहे पेयजल संकट को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की है। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने विधानसभा में बताया कि खेतड़ी सहित झुन्झुनूं जिले के 383 ग्राम एवं 6 कस्बों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। जिससे चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट कैनाल पर तारानगर में निर्मित इनटेक पम्प हाउस से जल की आपूर्ति की जाती है। गत 2 माह से जल संसाधन विभाग द्वारा आंवटित जल उपलब्ध नहीं करवाने के कारण बार-बार जल का संकट उत्पन्न हो रहा है। इन ग्रामों एवं कस्बों की दैनिक मांग लगभग 100 एमएलडी है। 88 दिनों में 8800 एमएल के विरूद्ध मात्र 4452 एमएल जल ही उपलब्ध करवाया गया है जो कि मांग का मात्र 50 प्रतिशत है। मलसीसर जलाशयों में लगभग 1750 एमएलडी पानी ही शेष बचा है, जिसमें से लगभग 950 एमएलडी पेयजल सप्लाई के लिए काम में लिया जा सकता है। वर्तमान में कुम्भाराम लिफ्ट कैनाल से मलसीसर जलाशयों को दी जाने वाली पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है।

उन्होंने जल संसाधन विभाग से वर्तमान तथा आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से राहत प्रदान करने के लिए चौधरी कुम्भाराम कैनाल तारानगर स्थित इनटेक पम्प हाउस पर मलसीसर जलाशय हेतु 180 एमएलडी जल प्रतिदिन उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करवाई जाने की मांग की, जिससे पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से हो सके तथा क्षेत्र के लोगों को पानी के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ें।

# चिकित्सा शिविर का 182 लोगों ने लाभ उठाया

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन व महावीर इंटरनेशनल सनराइज के संयुक्त तत्वावधान में श्याम सुंदर जालान के सौजन्य से चिकित्सा शिविर चावो दादी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। शिविर संयोजक श्याम सुंदर जालान ने बताया कि शिविर में टीबड़ा हॉस्पिटल ट्रोमा सेंटर सीकर टीम द्वारा 42 रोगियों को परामर्श के साथ निःशुल्क दवाईयां वितरण की गई। अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल टीम द्वारा 140 मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप रोगियों की जांच कर निःशुल्क परामर्श दिया। शिविर में डॉ एसएन शुक्ला, डॉ उमेद सिंह शेखावत, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ रमाकांत टीबड़ा, श्याम सुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, महेश कुमार मुंड, सुमेर सिंह कर्णावत, देवेंद्र कुमार गौड़, जय प्रकाश, प्रदीप कुमार, भारत कुमार तुलस्यान, गोविंद अग्रवाल, सुशील कुमार, पंकज जालान, सुभाषचंद्र जोशी, राम गोपाल, रमेश चंद्र एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# विप्र फाउंडेशन ने यूजीसी कानून के विरोध में सौंपा ज्ञापन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन तारानगर यूजीसी कानून का विरोध जताते हुए कानून के विरोध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कृषि व कृषि कल्याण मंत्री एवं केंद्रीय कानून मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ज्ञापन सौंपा। फाउंडेशन ने ज्ञापन में इस काले कानून को वापस लेने या इसमें गलत शिकायत करने पर जुर्माना लगाने या कार्यवाही करने का प्रावधान करने जैसे नियमों में संशोधन करने की मांग की। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन इकाई तारानगर के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, महामंत्री राजेंद्र कुमार, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हेमंत व्यास, भगवती शर्मा, आईदान शर्मा, श्रीराम शर्मा, राकेश दाधीच, राकेश लाटा, श्यामसुंदर आचार्य, राजेंद्र ओझा, मोहित एडवोकेट, राकेश सूटवाल आदि लोग मौजूद थे।

# झुंझुनू में माय भारत-माई वोट पदयात्रा जारी

संजय सोनी




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी से माय भारत-माई वोट थीम के तहत पदयात्रा कार्यक्रम जो 30 जनवरी तक जारी रहेगा। यह पदयात्रा देशभर के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों तथा जिला मुख्यालयों में एक साथ आयोजित की जा रही है। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि इसी क्रम में झुंझुनू जिले में पदयात्रा का आयोजन कलेक्ट्रेट सर्किल से स्वर्ण जयंती स्टेडियम तक कर शुरुआत की गई। पदयात्रा को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को जिला कलेक्टर द्वारा माला पहनाकर एवं माय भारत टी-शर्ट व कैप पहनाकर सम्मानित भी करना भी प्रेरक रहा। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफइंडिया की ओर से संचालित संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत भी युवाओं ने भाग लेते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। यह राष्ट्रव्यापी पहल नैतिक एवं सहभागी चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मतदाता जागरूकता को शारीरिक फिटनेस और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ते हुए, राष्ट्रीय मतदाता दिवस को युवाओं के नेतृत्व वाला जन आंदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पदयात्रा के दौरान राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता विजय कुमार ने उपस्थित युवाओं एवं मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अनिल भाकर, खिलाड़ी सुरेश कुमार, हिंदुस्तान स्काउट गाइड से प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरेन्द्र भाटी, युवा मंडल से नवीन कालेर, जय महला, अंकित, विकास जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# सेरेब्रल पाल्सी रोगी का सामान्य एनेस्थीसिया में सफल दंत उपचार

**निम्स डेंटल कॉलेज में दुर्लभ दंत सर्जरी, सेरेब्रल पाल्सी रोगी का पूर्ण मुख उपचार सफल**

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित एक रोगी का सामान्य एनेस्थीसिया में जटिल दंत उपचार कर चिकित्सकों ने सफलता हासिल की है। दांतों में लंबे समय से दर्द व सड़न की शिकायत लेकर पहुंचे रोगी का फुल माउथ रिहैबिलिटेशन सफलतापूर्वक किया गया। रोगी के चिकित्सा इतिहास में सेरेब्रल पाल्सी के साथ करीब तीन वर्ष पूर्व मिर्गी सीज़र की समस्या भी दर्ज थी, जिसके चलते सामान्य परिस्थितियों में दंत उपचार संभव नहीं था। जांच के दौरान रोगी के मुंह में कई दांतों में गंभीर डिके पाया गया, वहीं कुछ प्राथमिक दूध के दांत मौजूद होने से चबाने में परेशानी हो रही थी। रोगी की जटिल स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सामान्य एनेस्थीसिया के अंतर्गत संपूर्ण दंत उपचार करने का निर्णय लिया। सामान्य एनेस्थीसिया में आवश्यक दांतों का निष्कर्षण कर फुल माउथ रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया को सुरक्षित रूप से पूरा किया गया। यह दुर्लभ शल्य चिकित्सा निम्स डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग में संपन्न हुई। पूरी प्रक्रिया वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अमित कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। उपचार टीम में स्नातकोत्तर छात्र डॉ. अंकुश अग्रवाल के साथ डॉ. अमृत आनंद, डॉ. अंकिता, डॉ. रीमा, डॉ. खुशबू एवं डॉ. सृष्टि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सकों के अनुसार सेरेब्रल पाल्सी व मिर्गी से पीड़ित रोगियों में इस प्रकार की दंत सर्जरी अत्यंत दुर्लभ होती है। जयपुर में पहली बार इस तरह का फुल माउथ रिहैबिलिटेशन सामान्य एनेस्थीसिया में सफलतापूर्वक किया गया है, जिसे चिकित्सा क्षेत्र की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## 112वें प्रतिष्ठा महोत्सव पर होंगे अनेक धार्मिक कार्यक्रम

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री देवसागर सिंघी जैन मंदिर का 112 वां प्रतिष्ठा महोत्सव आज से शुरू होगा।

महोत्सव के तहत 30 जनवरी को सुबह दादा गुरू पूजा होगी और उसके बाद शाम को नवकार महामंत्र के जाप किए जायेंगे। वहीं 31 जनवरी को स्नान, पूजा व जाजम के कार्यक्रम होंगे। दोपहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी और शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। हेमराज नाहटा ने बताया कि 1 फरवरी को ध्वज पूजा व ध्वजारोहण, प्रसाद व शाम को सुंदरकांड के कार्यक्रम होंगे।

# बाबा रामदेव के वार्षिक मेले के दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के रामदेव मंदिर में चल रहे बाबा रामदेव के पांच दिवसीय वार्षिक मेले में दूसरे दिन गुरुवार को धोक लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर के पुजारी हरि गोस्वामी ने श्रद्धालुओं की धोक लगाकर उन्हें प्रसाद वितरण किया। तारानगर तहसील सहित दूर दराज से मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के खीर-चूरमे व नारियल का भोग लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। बच्चों ने मेले में खिलौने खरीद कर व झूला झूलकर मेले का लुफ्त उठाया। वहीं महिलाओं ने मेले में सजी दुकानों से जमकर खरीदारी की। इस मौके पर पुजारी हरि गोस्वामी, महेंद्र गोस्वामी, विनोद, विक्रम, किशन व्यास, गंगाराम, नंदू सैनी, गोपाल स्वामी, रंजीत प्रजापत, हरि स्वामी, काना सोनी, मुकेश खत्री, सोनू, पवन, नवीन, मुंशी राम, विशाल, विजय सोनी, राकेश खत्री, पंकज, राहुल, अंकित सोनी, ओम लुहार, विनोद लुहार, अनिल लुहार आदि कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे। इससे पहले बुधवार को भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने रामदेव मंदिर में बाबा रामदेव का दुग्धाभिषेक कर व पूजा अर्चना कर मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

# योगक्षेम प्रवास वर्ष को लेकर तैयारियां शुरू

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्व भारती प्रेक्षाध्यान भवन में आचार्यश्री महाश्रमण के योगक्षेम प्रवास वर्ष को लेकर यहां पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में प्रवास वर्ष व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद ने बताया कि आचार्यश्री महाश्रमण आगामी 5 फरवरी को अपनी धवल सेना के साथ लाडनूं पधारेंगे। इसके अगले दिन 6 फरवरी को वे जैन विश्व भारती परिसर में प्रवेश करेंगे। उनके प्रवास वर्ष को लेकर समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस उत्सव को भव्य बनाने के लिए वर्षभर से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही है। प्रवास व्यवस्था समिति के महामंत्री निर्मल कोटेचा ने कहा कि यह लाडनूं नगर के लिए सौभाग्य की बात है कि आचार्यश्री महाश्रमण यहां पूरे वर्ष प्रवास कर अपनी वाणी से लाभान्वित करेंगे। उनके आगमन को लेकर पूरे नगर एवं जैन विश्व भारती परिसर का कायाकल्प किया जा रहा है। इस दौरान लगभग 400 से अधिक जैन साधु-संत लाडनूं में उपस्थित रहेंगे। पत्रकार वार्ता में जैविभा अध्यक्ष अमरचंद लुंकड़, सलील लोढ़ा, महिला मंडल अध्यक्ष आरती कठौतिया, मंत्री राजेंद्र खटेड, वाइस चांसलर बछराज दुगड़, मंत्री लीना दुगड़, राज कोचर, प्रताप दुगड़, नरपत दुगड़, बसंत नाहटा, सुमित मोदी, राकेश बोहरा, मन्नालाल बेद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शांतिलाल बरमेचा, उम्मेद बोकड़िया, प्रकाश चंद बैद सहित पदाधिकारी एवं स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मंत्री राजेंद्र खटेड ने आभार व्यक्त किया। संचालन आलोक खटेड द्वारा किया गया।

# एयू जयपुर मैराथन 2026 के बिब व प्राइज मनी का अनावरण

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** फिटनेस और उत्साह के महाउत्सव एयू जयपुर मैराथन 2026 का आगाज गुरुवार को आधिकारिक बिब और प्राइज मनी के अनावरण के साथ हुआ। यह आयोजन संस्कृति युवा संस्था एवं वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और राजस्थान टूरिज्म के सहयोग से किया जा रहा है। बिब लॉन्च समारोह में संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सीओओ योगेश जैन, जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर व रेस डायरेक्टर रवि गोयनका, आवास फाइनेंस के हेड ऑफ ऑपरेशन आशीष गौतम और एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा मौजूद रहे। मुख्य मैराथन से पहले 30 और 31 जनवरी को शिल्पग्राम, जवाहर कला केंद्र में दो दिवसीय मैराथन फेस्ट आयोजित होगा। 30 जनवरी को उद्घाटन समारोह, आरपीएफ बैंड द्वारा वंदे मातरम् प्रस्तुति, वीजीयू के 200 युवाओं का सामूहिक देशभक्ति गीत गायन, बिब एवं किट वितरण, अल्ट्रा रनर व एवरेस्ट विजेता ब्रीज़ शर्मा का संवाद सत्र, जयपुर लीजेंड अवॉर्ड्स और वेलवेट वॉइस ओपन माइक आयोजित होंगे। 31 जनवरी को बिब वितरण, पर्वतारोही रीना भाटी की पावर टॉक, पेसर्स मीट, फिटनेस व न्यूट्रिशन टॉक शो में मिलिंद सोमन व रुचि बरतारिया की सहभागिता तथा तिजारिया जयपुर रनर्स अवॉर्ड्स होंगे। मैराथन में फुल मैराथन के पुरुष एवं महिला विजेताओं को 1-1 लाख दिए जाएंगे। नेशनल रिकॉर्ड ब्रेकर श्रेणी में फुल मैराथन का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने पर 10 लाख और हाफ मैराथन रिकॉर्ड पर 5 लाख का पुरस्कार रखा गया है। हाफमैराथन विजेताओं को 21-21 हजार जबकि आयु वर्ग, 10 किमी ग्रीन रन और 5 किमी रन में शीर्ष धावकों को नकद व आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा ने इसे फिटनेस और जयपुर के गौरव का उत्सव बताया।

सीईओ मुकेश मिश्रा ने कहा कि बिब एक्सपो में प्रतिभागियों को किट, स्पोर्ट्स गियर और न्यूट्रिशन सुविधाएं मिलेगी।

## कौशल विकास किट वितरित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में पीएमश्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका विद्यालय के प्रांगण में प्रधानाचार्य मोहन लाल अर्जुन की अध्यक्षता में कौशल विकास किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा व भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, विशिष्ट अतिथि एसडीएमसी अध्यक्ष श्यामसुंदर जाट, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन कुमार मारू व शिव भगवान सोनी आदि मंचासिन अतिथि थे। कार्यक्रम में विद्यालय की 33 बालिकाओं को कौशल किट अतिथियों के कर कमलों से वितरित किए गए। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य मोहन लाल अर्जुन, जिला प्रवक्ता पवन बोथरा व मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत ने संबोधित करते हुए कौशल पर भारत सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की तथा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा प्रभारी रमेश खीचड़, व्यवसायिक प्रशिक्षण टीचर पिंकी मंडल, वाइस प्रिंसिपल इंद्र सिंह फगेड़िया, विमला चौधरी, महेश कुमार सांखोलिया, मनोज कुमार सारस्वत, रश्मि महर्षि, सरीता शर्मा, रामकिशोर, प्रमोद कुमार, वरिष्ठ अध्यापक शिशपाल, आंनद सिंह, अध्यापक धर्मपाल बुगालिया, कन्हैयालाल जांगिड़, मीनू कुमारी वर्मा, योगेश्वरी शर्मा, ऋषिका सहारण, दिलीप सिंह कुड़ी, कंचन लता पुरोहित, मोनिका बारूपाल, रोशनी, योगिता पुरोहित, रचना पारीक, मुन्नी देवी व सरिता सैनी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखाराम तालणिया ने किया।

## भामाशाहों ने विद्यालय विकास के लिए खुलकर दिया आर्थिक सहयोग

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी व निजी विद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। अलायला गांव के राउमावि में सरपंच धर्मवीर राठौड़, कैप्टन करणीसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य सांवरमल शर्मा व मनोहरसिंह ने ध्वजारोहण किया व प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बांय गांव के राउमावि में प्रधानाचार्य छगनलाल मीणा व सरपंच दलीप खां ने ध्वजारोहण किया व सुरेंद्र सिंह पूनिया, प्रेम कुमार मित्तल, राजकुमार शर्मा, सुमेरसिंह पनिहार, प्रवीण गट्टानी सहित अन्य भामाशाहों ने विद्यालय विकास के लिए करीब 8 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग व अन्य सामग्री



भेंट की। ढाणी पूनियां गांव के राउप्रावि में भामाशाह जगदीश कड़वासरा ने विद्यार्थियों को कोट वितरित किए। संस्था प्रधान सुनीता सिलु ने अतिथियों का स्वागत किया। एडीजे न्यायालय तारानगर में गणतंत्र दिवस पर पेशगार सुरेश चेजारा ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पेशगार धर्मेंद्र वर्मा, बार संघ तारानगर अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण, रतन कुमार चाचाण, केदारमल स्वामी, विकास सिहाग, ओमप्रकाश सहारण, धर्मपाल स्वामी, अनिल स्वामी, जिताराम शर्मा, देवकरण प्रजापत आदि अधिवक्ता तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पुलिस जवानों ने तिरंगे को सलामी दी तथा पेशगार सुरेश चेजारा, धर्मेन्द्र वर्मा तथा बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने बालिकाओं को पुरस्कृत किया। इसी प्रकार जयपुर पब्लिक स्कूल तारानगर में निदेशक पूर्णमल चौधरी व प्रधानाचार्य धर्मपाल खोथ ने ध्वजारोहणकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। लॉर्ड्स स्कूल तारानगर में निदेशक शंकरलाल सगतानी व संजय सगतानी ध्वजारोहणकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

बुचावास गांव के राउमावि में प्रधानाचार्य किशोर निर्वाण व रमेश व्यास, विश्वकर्मा धाम खरतवासिया में निदेशक डॉ पतराम जांगिड़, जगन्नाथ कंदोई बालिका आदर्श विद्या मंदिर तारानगर में मुख्य अतिथि सुलोचना स्वामी, देवेंद्र नरूला व प्रधानाचार्य दया कंवर ने बनेचन्द सरावगी शिशु वाटिका आदर्श विद्या मंदिर तारानगर में मुख्य अतिथि आसाराम गर्ग, नरेश बुडानिया, सुरेखा दाधीच व प्रभारी सुनीता दनेवा ने ध्वजारोहण कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## सरकारी स्कूल में प्याऊ का निर्माण करवाया



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहीद किशोर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हुडास के सेवानिवृत्त शिक्षक रफीक मोहम्मद एवं उनके छोटे भाई मरहूम अयूब खां की स्मृति में विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए पानी की प्याऊ का निर्माण करवाया गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक रफीक मोहम्मद ने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होता बल्कि समाज के प्रति सेवा भाव भी उतना ही जरूरी है। वहीं मरहूम शिक्षक अयूब खां के परिजनों ने उनकी स्मृति में इस सेवा कार्य को समर्पित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आने वाले समय में गर्मी के मौसम में यह प्याऊ सभी के लिए लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर शहीद किशोर सिंह के परिजन गोपाल सिंह राजावत, प्रशासक प्रतिनिधि कालुसिंह राठौड़, लालाराम बावरी, सुरेन्द्र सिंह जोधा, शीशपाल सिंह, हाजी गुलाम रसूल, मुंशी मो., प्रधानाचार्य विरेन्द्र सिंह बाटड़ लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन खुर्शीद हसन भाटी ने किया।

## तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो का समापन



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में तोलियासर भेरूजी मंदिर के 41 वें वार्षिक महोत्सव पर आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो में गाजे बाजे के साथ जुलूस तोलियासर भेरूजी मंदिर से रवाना हुआ जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुँचा, जहां 56 करोड़ का मायरा भरा गया। इस प्रसंग के तहत आकर्षक सजीव झांकी भी सजाई गई जो भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर कथा वाचक पंडित देवकीनंदन दाधीच ने कहा कि नानी बाई के ससुराल पक्ष ने सवा 25 मन सुपारी, सवा 25 मन रौली, 80 हजार सोने की मोहरे, 1 करोड़ रुपए रोकड़ व 2 सोने की ईंट मायरा पत्रिका में मांगी थी। इस पर भी नरसी व्यथित नहीं हुए क्योंकि उन्हें अपने ठाकुरजी पर पूरा विश्वास था। मायरा देने के लिए साथ चलने के लिए नरसी ने अपने भाइयों व नगरवासियों को आग्रह किया लेकिन उनकी दशा देखकर कोई उनके साथ नहीं चला केवल उनकी भजन मंडली के 16 सूरदास ही बैलगाड़ी में बैठकर मायरा भरने गए। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण अपने भक्त की गाड़ी पार करने के लिए कारीगर बनकर गाड़ी सुधारने के लिए आए और भक्त की गाड़ी को उन्होंने स्वयं ही संभाल लिया। जब भक्त की बैलगाड़ी भगवान के हाथ में आ जाती है तो उस भक्त का कल्याण तय है। उन्होंने नरसी की चिंता दूर करते हुए 56 करोड़ का भात भरा जो कि नानी बाई के ससुराल पक्ष से आई मायरा पत्रिका से 4 गुणा बड़ा था। समापन पर यजमान राजकुमार बरड़िया सपत्नीक, कमल दुगड़, राजकुमार विनायक, लालचंद पाण्डे, पवन बोथरा, खेमचन्द बरड़िया सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

## सादगी की मिसाल : बिना दहेज के परिणय सूत्र में बंधे सौरभ व मोनिका



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** आज के चकाचौंध भरे युग में सौरभ (आईआईटी) पुत्र ओमप्रकाश जांगिड़ दूधवाखारा के मोनिका (एमए बीएड) सुपुत्री कृष्ण कुमार जांगिड़ खरतवासिया तारानगर ने दहेज प्रथा जैसी कुरीति को दरकिनार कर एक नई मिसाल पेश की है। सौरभ ने मोनिका जांगिड़ के साथ बिना किसी लेनदेन के दहेज मुक्त विवाह संपन्न किया। दूल्हे के परिवार ने स्पष्ट किया कि वे समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि बेटियां बोझ नहीं बल्कि वरदान हैं। इस विवाह की चर्चा पूरे जांगिड़ समाज ने सराहना की है और लोग इस कदम की सराहना कर रहे हैं। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तारानगर के अध्यक्ष विनोद देम्मीवाल ने वर वधू को आशीर्वाद दिया व सभी ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में ऐसी शादियों को बढ़ावा देंगे। इस अवसर पर मास्टर मनीराम मोटियार, मास्टर लालचन्द बरवाड़िया, किशन लदरेचा, राजेन्द्र प्रसाद बरवाड़िया, मास्टर महावीर प्रसाद देम्मीवाल, भंवरलाल लदोईया, मनफूल लदोईया गौ रक्षक, देवकरण लदोईया, राजेन्द्र, बनवारीलाल, जगदीश प्रसाद, सुलतान, नरेन्द्र दूधवाखारा, प्रेमकुमार रोसावा, लालचन्द, गणपतराम, मालाराम, भानीराम खरतवासिया, झाबरराम धनेरवा लालासर व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## थायराइड जागरूकता माह : हार्मोन असंतुलन को न करें नजरअंदाज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** थायराइड डिसऑर्डर आम हैं लेकिन अक्सर वर्षों तक इनका पता नहीं चल पाता। शरीर में मौजूद यह छोटी-सी ग्रंथि मेटाबॉलिज्म, दिल की धड़कन, ऊर्जा स्तर और शरीर के तापमान को नियंत्रित करती है। जागरूकता और समय पर जांच से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर के मधुमेह एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज खंडेलवाल ने बताया कि इंडियन थायरॉइड सोसाइटी के अनुसार भारत में करीब 4 .2 करोड़ लोग थायरॉइड डिसऑर्डर से पीड़ित हैं। यह समस्या पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक पाई जाती है। कई युवा शुरुआती लक्षणों को तनाव, लंबे काम के घंटे या जीवनशैली से जुड़ी थकान समझकर नजरअंदाज कर देते हैं।

## प्रभारी मंत्री ने जंक्शन बनाने की मांग की, रेलमंत्री को भेजी चिट्ठी

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के अन्तर्गत 12 जनवरी सोमवार को कलेक्ट्रेट में समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने जिले के प्रभारी मंत्री अनिवाश गहलोत को ज्ञापन सौंपा था। उस समय प्रभारी मंत्री ने समिति की बात को ध्यान से सुना और अपनी ओर से पूरा सहयोग करने का भरोसा दिलाया था। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि इसी संदर्भ में जिले के प्रभारी मंत्री के निर्देश पर उनके निजी सचिव ने पत्र क्रमांक आर. 164 दिनांक 19 जनवरी, 2026 को समिति के मूल ज्ञापन के साथ रेलमंत्री को प्रभारी मंत्री की ओर से पत्र भेजकर समिति की झुंझुनू को जंक्शन बनाने एवं झुंझुनू से होकर बड़े शहरों के लिए नियमित रेल सेवाएं शुरू करने की मांगों को पूरा करने की अभिशंषा की है। प्रभारी मंत्री द्वारा त्वरित कार्यवाही किये जाने पर समिति के पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि ज्ञापन में प्रभारी मंत्री से मांग की गई थी कि वे झुंझुनू से बिसाऊ, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी, रतनगढ़, मण्ड्रेला, पिलानी, सादुलपुर, चनाना, जसरापुर, खेतड़ी, निजामपुर, गुढ़ा, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, शाकम्भरी, लोहार्गल एवं सालासर तक नई रेल लाइनें बिछाकर झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने एवं झुंझुनू से होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गोवाहाटी, हरिद्वार, दिल्ली, श्रीमाता वैष्णों देवी कटरा, जोधपुर, उदयपुर सिटी, श्रीगंगानगर एवं लोहारू-जयपुर-लोहारु के बीच शाम को नई ट्रेनें संचालित करवाने हेतु रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखे।

## कथा में सजाई छप्पन भोग की झांकी



निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के लक्ष्मणगढ़ रोड स्थित श्री संकट मोचन बालाजी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान के छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। भगवान के छप्पन भोग लगाया गया। व्यास पीठ से कथा व्यास मदन लाल शर्मा ने कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा की कथा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि नंदोत्सव के बाद पूतना का वध किया गया। पूतना एक वासना है जब तक हमारे जीवन में वासना दूर नहीं होगी तब तक प्रभु की कृपा नहीं होगी। नन्द बाबा ने अपना सर्वश: लुटाया क्योंकि स्वयं लक्ष्मी बैकुंठ को त्यागकर गोकुल में आई और गोकुल की रज में रमण करने लगी। भगवान ने गोपियों के घर जाकर माखन चुराया। इस कथा से भगवान हमारा भी मन रूपी माखन चुराए तब जाकर प्रभु का साक्षात्कार होगा। प्रभु ने वृंदावन में बाल लीलाये गोपियों के साथ की व अघासुर का वध किया। अघासुर पाप है प्रभु ने अपने भक्तों को अघासुर पाप से निकालकर व्रज वासियो को भक्ति प्रदान की। प्रभु का दो बार प्रत्यक्ष रूप से पान किया व ब्रम्हा का अहंकार दूर किया। भगवान व्रज में गोप बनकर रहते की कथा के प्रसंग में सुनाया कि ब्रह्माजी को आश्यर्च हुआ कि श्रीकृष्ण ने व्रज वासियों की जूठन खाई। भगवान श्रीकृष्ण ने भक्ति रूपी यमुना में पाखंड रूपी कालीयां नाग को दूर किया। भगवान कहना चाहते है मेरी भक्ति में जो पाखंड करता है व मुझे अच्छा नहीं भक्ति में प्रेम हो वही मुझे स्वीकार है।

सभी व्रज वासियो ने गिरिराज पूजन किया। इस मौके पर सुखराम झाझड़िया, लक्ष्मण कुमावत, रमेश कुमावत, डी के सुरोलिया, दिलिप पुजारी, जयराम डोटासरा, रामनाथ बांगड़वां, महेन्द्र दादरवाल, नेकीराम डोटासरा, महावीर रेवाड़, ओमप्रकाश, रामा देवी डोटासरा, तारा मणी शर्मा, सुलोचना डोटासरा, ममता मोदी, मंजु जांगिड़, योगिता शर्मा, मोनिका शर्मा, मनभरी बांगड़वा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## राजस्थान के टोल प्लाजाओं की मनमानी पर गरजे सांसद ओला



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** लोकसभा में राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजाओं की अनियमितता और खराब सड़क व्यवस्था का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। झुंझुनू से सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला ने फतेहपुर-सीकर-जयपुर मार्ग सहित प्रदेशभर में हो रही टोल वसूली पर सवाल खड़े किए। ओला ने सदन को बताया कि राजस्थान में 8731 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों पर 174 टोल प्लाजा संचालित हैं, जहां औसतन 50 किमी के भीतर ही टोल वसूला जा रहा है जबकि नियमों के अनुसार टोल प्लाजाओं के बीच 60 किमी की दूरी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में करीब 30 हजार करोड़ रुपये टोल के रूप में वसूले गए लेकिन इसके बावजूद न सड़कों की हालत सुधरी, न सर्विस रोड बने और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। आमजन को रोजाना लंबे जाम और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ओला ने एनएच-52 (फतेहपुर-सीकर-जयपुर) और 48 (दिल्ली-जयपुर-अजमेर) का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मार्गों पर सड़कें अधूरी हैं, कई स्थानों पर ब्लैक स्पॉट बने हुए हैं, फिर भी पूरा टोल लिया जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जहां सड़कें खराब हैं, सर्विस रोड नहीं है, लगातार जाम और दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां के टोल प्लाजाओं को हटाकर आम नागरिकों, किसानों और व्यापारियों को तत्काल राहत दी जाए।

## यूजीसी के नए नियमों के विरोध में ज्ञापन

### सवर्ण समाज ने जताई आपत्ति



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित नए नियमों के विरोध में सरदारशहर में सवर्ण प्रतिभा बचाओ समिति एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री के नाम विरोध ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया तथा उपखंड अधिकारी सरदारशहर के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के तहसील अध्यक्ष वैद्य महेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रस्तावित यूजीसी नियम पूर्वाग्रह से ग्रस्त, द्वेषपूर्ण और भ्रामक हैं। इनमें कई गंभीर विसंगतियाँ हैं, जो न केवल सवर्ण विरोधी प्रतीत होती हैं बल्कि सामाजिक न्याय और समरस समाज की अवधारणा के भी विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम समाज को जोड़ने के बजाय विभाजन की दिशा में ले जाते हैं। सवर्ण प्रतिभा बचाओ समिति के संयोजक नरपतसिंह ने कहा कि यूजीसी के नए नियमों को लेकर देशभर में सवर्ण समाज के विद्यार्थियों में आक्रोश, भ्रम और भविष्य को लेकर गहरी आशंकाएँ उत्पन्न हो गई हैं, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। कार्यक्रम संयोजक पवन पोद्दार ने कहा कि यह नियम जातीय विद्वेष को बढ़ावा देने वाले हैं और इससे समाज में प्रेम, भाईचारा तथा आपसी सौहार्द को नुकसान पहुंचेगा। वहीं विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील मिश्र ने नियमों को एकतरफा बताते हुए कहा कि इनमें व्याप्त विसंगतियों को दूर कर संशोधन किया जाना चाहिए ताकि सभी वर्गों के विद्यार्थियों के साथ न्याय सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजकुमार गौड़, विपिन गोयल, नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, विश्वनाथ अग्रवाल, मांगीलाल सेवदा, शुभकरण पारीक, पंकज गर्ग, कमल पारीक, पंडित आजाद सुरोलिया, आदित्य नाथोलिया, अभिजीत पारीक, अनिल शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, राजेंद्र सिंह भाटी, राजेश शर्मा, प्रकाश शर्मा, संदीप सिंह, योगेश, सुनील, कैलाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज के बंधु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में यूजीसी के नए नियमों का विरोध करते हुए इन्हें वापस लेने अथवा संशोधित करने की मांग की।

## दिव्यांग बच्चों ने दिखाया अपना हुनर, विजेता हुए सम्मानित

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री देवसागर सिंघी जैन मंदिर ट्रस्ट के प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष पर लायंस क्लब सुजानगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सुपर किड्स खेल प्रतियोगिता का आयोजन सिंघी जैन मंदिर प्रांगण में दो चरणों में किया गया। समसा के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में चूरू जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 100 दिव्यांग विद्यार्थियों ने खेल कूद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेठिया गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाचार्य साधना सिंह रहीं। अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत पारीक ने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गिरधर भोजक, लायंस क्लब जोन चेयरपर्सन एमजेएफ कमल तापड़िया, सचिव अशोक जाजू, देवसागर सिंघी जैन मंदिर के ट्रस्टी रणजीतसिंह सिंघी, कमला सिंघी, प्रकाश सिंघी, सुनील सिंघी, विजय गोयल मंचस्थ रहे। प्रतियोगिता के दौरान चम्मच दौड़, 50 मीटर दौड़, गुब्बारा फोड़, रुमाल झपटा, जलेबी दौड़, म्यूजिकल चेयर, कदम चाल आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेताओं को मोमेंटो प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार में पानी की बोतल प्रदान की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्रधानाध्यापक प्रभुदयाल स्वामी एवं विशिष्ट अतिथि एपीसी रामनिवास पूनिया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक, एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया एवं सिंघी जैन मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। अशोक जाजू, देवेंद्र बेदी, एडवोकेट रजनीकांत सोनी, देवकृष्ण मालपानी, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता तापड़िया, चित्रा जगवानी, मोनिका सोनी, कविता गोयल, सरिता जाजू उपस्थित रहे। संचालन रोहित शर्मा ने किया। इस अनूठी प्रतियोगिता में बच्चों का जोश देखने लायक रहा।

## गौशालाओं को अनुदान भी देंगे और निर्माण भी कराएंगे : कुमावत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गौवंश की सेवा हमारी संस्कृति और परम्परा का अभिन्न अंग है। उन्होंने विधानसभा सदन में कहा कि निराश्रित गौवंश के लिए राज्य में 4 हजार से अधिक गौशालाएं संचालित हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान के लिए पात्र 3 हजार 310 गौशालाओं से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। कुमावत ने कहा कि कई स्थानों पर गौचर भूमि में गौशालाएं संचालित हैं लेकिन एक रिट प्रकरण के कारण भूमि उनके नाम पर आवंटित नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग के एक नए परिपत्र के अनुसार जिस भी ग्राम पंचायत में सिवायचक भूमि नहीं है लेकिन गौवंश के लिए पर्याप्त गौचर है, वहां गौशालाओं के लिए भूमि आवंटित हो सकती है। उन्होंने सदन में बताया कि ऐसे प्रकरणों में जिला कलेक्टर के माध्यम से नियमानुसार भूमि आवंटन करवाया जा सकता है।

गोपालन मंत्री ने विधायक बहादुर सिंह के पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि ग्राम पंचायतों में चारागाह भूमि पंचायती राज विभाग के अंतर्गत आती है। यदि उस पर अतिक्रमण है तो शीघ्र हटाया जाना चाहिए। उन्होंने पंचायती राज मंत्री से आग्रह किया कि ऐसे प्रकरणों को चिह्नित कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए।

कुमावत ने कहा कि प्रदेश में नई गौशालाएं और खुलनी चाहिए जिससे निराश्रित गौवंश की उचित देखभाल संभव हो सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पशु आश्रय स्थल योजना, पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला जन सहभागिता योजना और गौशाला विकास योजना संचालित है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि इन योजनाओं के बारे में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें। नियमानुसार नई गौशालाएं खोलकर विभाग को प्रस्ताव भेजे जाएं ताकि उन्हें अनुदान और अन्य सहायता मिल सकें। इससे पहले सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गोपालन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का विधानसभा क्षेत्र वैर के उपखंड मुख्यालय वैर में गौशाला खोलने का विचार नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में गौशालाओं की स्थापना एवं संचालन स्वयं सेवी संस्थाकृट्रस्ट द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि राजस्थान गौ संरक्षण एवं संवर्धन निधि नियम, 2016 संशोधित 2021 के अंतर्गत पात्र गौशालाओं में संधारित गौवंश को चारा-पानी एवं पशु आहार हेतु सहायता राशि तथा आधारभूत परिसम्पत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने जानकारी दी कि वैर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत गौशाला एवं पशु आश्रय स्थल जनसहभागिता योजनान्तर्गत गौशाला खोलने के लिए विगत तीन वर्षों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों द्वारा आवेदन नहीं किया गया है।

## अविमुक्तेशरानंद को संगम स्नान से रोकने के मामले में जताया विरोध

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** गो संसद के पदाधिकारियों व गोसेवकों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम राजेन्द्र कुमार को ज्ञापन देकर मौनी अमावस्या पर प्रयागराज संगम पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम स्नान से रोकने व साधुओं के साथ मारपीट कर सनातन धर्म का अपमान करने का विरोध जताया है। ज्ञापन में पदाधिकारियों ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम स्नान से रोकने व साधुओं के साथ मारपीट कर सनातन धर्म का अपमान करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने व वीडियो में दिख रहे पुलिस अधिकारियों के तत्काल निलंबन की मांग की। इस मौके पर महंत कृष्णागिरी महाराज, पवन कुमार सैनी, मालचंद शर्मा, रामचन्द्र आयतान, जगदीश आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# दुखद हादसा

बुधवार सुबह बारामती के पास हुई एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार व चालक दल के सदस्यों समेत पांच लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। मुंबई से बारामती आ रहा चार्टर विमान मौसम की खराबी के कारण रनवे के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के कारणों का असली पता जांच के बाद ही चलेगा, मगर प्रथम दृष्टया धुंध के कारण दृश्यता में कमी ही बताया जा रहा है। महाराष्ट्र में छह बार उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार के राज्य में राजनीतिक योगदान को नकारा नहीं जा सकता। राज्य में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य विपक्षी दलों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। हालांकि, ममता बनर्जी ने उनकी मौत को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं, लेकिन उनके राजनीतिक गुरु व चाचा शरद पवार ने उनकी मृत्यु को लेकर राजनीतिक बयानबाजी को खारिज किया है। निश्चय ही महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के नेता अजित पवार की असामयिक दुर्घटना में मृत्य ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक शून्य जरूर पैदा कर दिया है। वहीं डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी डीजीसीए के मुताबिक दुर्घटना क्रैश लैंडिंग के दौरान हुई। रनवे के निकट हुए हादसे में विमान में आग लग गई और स्थानीय लोगों के प्रयासों के बावजूद किसी को बचाया नहीं जा सका। विमान लियरजेट-45 सोलह साल पुराना था। घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। निस्संदेह, अजित पवार जनता के नेता थे और जमीनी स्तर पर लोगों से उनका गहरा जुड़ाव था। बताया जाता है कि प्रशासनिक मामलों में उनकी समझ गहरी थी। वे वंचित वर्ग को सशक्त करने के प्रयासों के लिये जाने जाते रहे हैं। बहरहाल, अजित पवार को महाराष्ट्र की राजनीति में उनके बदलते दांव-पेचों के लिये याद किया जाता रहेगा। उनके बारे में कहा जाता रहा है कि वे उस कहावत को हकीकत बनाते रहे हैं कि राजनीति में कोई स्थायी दोस्त नहीं होता और ना ही स्थायी दुश्मन। वे अपनों के साथ तो रहे, गैरों को भी रास आए। उन्होंने चाचा और अपने राजनीतिक गुरु शरद पवार से राजनीति के गुर सीखे।

शरद पवार को महाराष्ट्र की राजनीति का चाणक्य कहा जाता रहा है, लेकिन अजित पवार ने उनसे अलग होकर अपनी नई राह भी बनायी। यूं तो उन्होंने चाचा शरद के साथ राजनीतिक पारी शुरू की लेकिन साल 2023 आने तक वे एकला चलो की राजनीति करने लगे। हालांकि, उन्होंने चाचा शरद पवार की छत्रछाया में राजनीति का ककहरा सीखा लेकिन एक समय वे पार्टी का सिंबल भी ले जाने में कामयाब रहे। फिर शरद पवार को नई पार्टी बनाकर उपस्थिति दर्ज करानी पड़ी। बारहवीं तक पढ़ाई के बावजूद वे अनुभवी नीतिकारों की सहायता से एक बेहतर प्रशासक भी साबित हुए। सहकारी चीनी मिलों से राजनीति की शुरुआत करने वाले पवार विधायक से लेकर सांसद तक चुने जाते रहे। वे राज्य में छह बार उप मुख्यमंत्री बने। साल 1991 में पहली बार बारामती से कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने, लेकिन चाचा शरद पवार के लिये बाद में सीट खाली भी की। वे सबसे पहले 1995 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने। उनकी लोकप्रियता का आकलन इस बात से किया जा सकता है कि वे सात बार विधायक चुने गए। फिर वे विलासराव देशमुख की कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार में पहली बार सिंचाई मंत्री बने। फिर ग्रामीण विकास मंत्री भी रहे। बाद में वे एनसीपी-कांग्रेस गठबंधन में जल संसाधन मंत्री भी रहे। साल 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद उनके अचानक भाजपा गठबंधन के साथ आने और उप मुख्यमंत्री बनने ने सबको चौंकाया था।

## विशेष आलेख

# लाभकारी टिकाऊ बिजनेस मॉडल की ओर बढ़ता रुझान



साल 2025 स्टार्टअप की दुनिया में उत्साह से अधिक विवेक का वर्ष रहा। यह स्पष्ट हुआ कि स्टार्टअप्स का भविष्य केवल बड़ी वैल्यूएशन में नहीं, बल्कि टिकाऊ बिज़नेस और सामाजिक प्रभाव में है। वहीं भारत ने साबित किया कि उसका स्टार्टअप इकोसिस्टम अब परिपक्वता की ओर बढ़ रहा है।

साल 2025 स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ, जहां केवल तेज़ ग्रोथ के बजाय टिकाऊ बिज़नेस मॉडल, मुनाफ़े और सामाजिक प्रभाव पर भी जोर दिया जाने लगा। अब स्टार्टअप्स को सफलता के लिए दीर्घकालिक स्थिरता और सामाजिक योगदान की कसौटी पर भी परखा जाने लगा है। पिछले एक दशक की तुलना में 2025 को 'संयम और परिपक्वता' का वर्ष कहा जा सकता है-जहां दुनिया भर में स्टार्टअप्स की संख्या भले ही तेज़ी से न बढ़ी हो, लेकिन जो स्टार्टअप टिके, वे अधिक मज़बूत और व्यावहारिक साबित हुए।

वर्ष 2025 में वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप गतिविधियां अधिक यथार्थवादी रहीं। दुनियाभर में हजारों नए स्टार्टअप सामने आए, लेकिन निवेशकों और बाज़ार का रुख साफ़ था- अब केवल 'आइडिया' नहीं, बल्कि रेवेन्यू, कैश फ्लो और स्पष्ट बिज़नेस मॉडल मायने रखते हैं। कोरोना काल के बाद स्टार्टअप्स में निवेश एक तरह की दौड़ बन गया था, वहीं 2025 में फंडिंग अपेक्षाकृत चयनात्मक रही। अमेरिका, यूरोप और एशिया में बड़ी संख्या में स्टार्टअप्स ने खुद को पुनर्गठित किया, कई का विलय हुआ और कुछ बाज़ार से बाहर भी हो गए। वैश्विक स्तर पर अनुमान लगाया जाता है कि 2025 में लाखों नए स्टार्टअप पंजीकृत हुए, लेकिन उनमें से एक सीमित प्रतिशत ही वास्तव में 'सफल' कहलाने योग्य रहे-यानी जिन्होंने स्थिर राजस्व, विस्तार या लाभप्रदता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए।

वर्ष 2025 में सफलता की परिभाषा बदल गई। पहले जहां यूनिकॉर्न बनना ही सफलता का प्रतीक माना जाता था, वहीं अब सस्टेनेबल ग्रोथ, मुनाफ़ा और दीर्घकालिक टिकाव को अधिक महत्व दिया जाने लगा। टेक्नोलॉजी, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, हेल्थटेक, क्लाइमेट टेक, फिनटेक और डीप-टेक जैसे क्षेत्रों में स्टार्टअप्स ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया। इसके विपरीत, केवल उपभोक्ता छूट और तेज़ विस्तार पर आधारित कई मॉडल कसौटी पर खरे नहीं उतरे।

भारत 2025 में भी दुनिया के सबसे सक्रिय स्टार्टअप देशों में शामिल रहा। देश में लगभग 22,000 से अधिक नए स्टार्टअप्स पंजीकृत हुए- जो एक महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है और उद्यमशीलता की गति स्पष्ट करता है। हालांकि, बीता वर्ष भारत के लिए भी 'छंटाई' का वर्ष रहा- स्टार्टअप्स की संख्या में वृद्धि की रफ्तार कुछ धीमी पड़ी, लेकिन गुणवत्ता व फोकस में सुधार दिखा। कई स्टार्टअप्स ने आक्रामक विस्तार के बजाय लागत नियंत्रण, स्थानीय बाज़ार और मुनाफ़े पर ध्यान दिया। साल 2025 में भारत के स्टार्टअप परिदृश्य में एक सीमित हिस्सा ही बड़े पैमाने पर सफल हुआ। कुछ स्टार्टअप्स ने मुनाफ़े की दिशा में कदम बढ़ाए , कई का विलय या अधिग्रहण हुआ और कुछ बाज़ार की वास्तविकताओं के सामने टिक नहीं पाए। यह स्थिति नकारात्मक नहीं, बल्कि स्वस्थ इकोसिस्टम का संकेत है, जहां अव्यावहारिक मॉडल खुद ही बाहर हो जाते हैं।

2025 में वैश्विक स्टार्टअप परिदृश्य में भारत की स्थिति तीसरे या चौथे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में बनी रही। अमेरिका और चीन के बाद भारत को अक्सर यूरोप के साथ तुलना में रखा जाने लगा। भारत ने लगभग 125 यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स बनाए ( स्टार्टअप्स जिनकी वैल्यू .1 बिलियन से अधिक है)। इनमें से कई ने इस वर्ष यह मुकाम हासिल किया और ग्रोथ जारी रखी।

भारत की खासियत रही कि वह केवल उपभोक्ता बाज़ार नहीं, बल्कि नवाचार और स्केल- दोनों का केंद्र बन रहा है। भारतीय स्टार्टअप्स अब केवल घरेलू नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों को भी लक्ष्य बना रहे हैं। हालांकि, पूंजी की उपलब्धता, गहन तकनीकी अनुसंधान और वैश्विक ब्रांड निर्माण के मामले में भारत अभी विकसित देशों से पीछे है। 2025 में स्टार्टअप निवेशकों का व्यवहार बदला हुआ दिखा। 'ग्रोथ एट ऑल कॉस्ट' की जगह 'सस्टेनेबल रिटर्न' निवेश का मंत्र बना। भारत में शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स को अपेक्षाकृत समर्थन मिला, लेकिन बड़े फंडिंग राउंड्स की संख्या सीमित रही। इससे स्टार्टअप्स को अपने खर्च और रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ा। भारत में तकनीकी स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग माहौल चुनौतीपूर्ण रहा। कुल इक्विटी फंडिंग पिछले साल के मुकाबले लगभग .10.5 बिलियन तक गिर गई। यह संकेत है कि निवेशक अब और अधिक सावधानी से धन लगा रहे हैं और केवल 'स्पष्ट प्रगति वाला मॉडल' ही पूंजी आकर्षित कर पा रहा है।

2025 ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के सामने कई संरचनात्मक चुनौतियां हैं। वैश्विक अनिश्चितता का सीधा असर भारतीय स्टार्टअप फंडिंग पर पड़ता है। मसलन भारत में अब भी उपभोक्ता-आधारित स्टार्टअप्स की संख्या अधिक है, जबकि गहरे तकनीकी नवाचार की कमी महसूस की जाती है। टैक्स, अनुपालन और राज्यों के बीच अलग-अलग नियम कई स्टार्टअप्स के लिए बाधा बनते हैं। उच्च स्तरीय तकनीकी और प्रबंधन प्रतिभा की मांग तेज़ी से बढ़ रही है, लेकिन उपलब्धता सीमित है। साल 2025 स्टार्टअप की दुनिया में उत्साह से अधिक विवेक का वर्ष रहा। स्पष्ट हुआ कि स्टार्टअप्स का भविष्य केवल बड़ी वैल्यूएशन में नहीं, बल्कि समस्या समाधान, टिकाऊ बिज़नेस और सामाजिक प्रभाव में निहित है।

भारत ने 2025 में साबित किया कि उसका स्टार्टअप इकोसिस्टम अब किशोरावस्था से निकलकर परिपक्वता की ओर बढ़ रहा है। चुनौतियां मौजूद हैं, लेकिन दिशा स्पष्ट है। यदि भारत पूंजी, नीति और कौशल के मोर्चे पर संतुलन बना पाया, तो कुछेक वर्षों में वह वैश्विक स्टार्टअप दुनिया में बड़ा खिलाड़ी बनने के साथ ही दिशा देने वाला देश भी बन सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष
कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जल्दबाजी से हानि संभव है। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

### वृष
विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं।

### मिथुन
यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। लेन-देन में सावधानी रखें।

### कर्क
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं होगा। बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है।

### सिंह
नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी।

### कन्या
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी।

### तुला
स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

### वृश्चिक
आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

### धनु
वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें। दूसरों की बातों में नहीं आएं। निवेश से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेंगे। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी।

### मकर
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

### कुंभ
आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे।

### मीन
स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों में प्याज का रस लगाने से मिलते हैं कई लाभ, रुक सकता है बालों का झड़ना-टूटना

प्याज न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई तरह के पोषक तत्वों, खासकर एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही प्याज आपके बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है? प्याज में मौजूद कैटालेस नामक एंटी-ऑक्सीडेंट को प्याज सिर में बूस्ट करता है। यह एंजाइम सिर से हाइड्रोजन पेरोक्साइड को खत्म करने में और बालों की ग्रोथ के लिए काफी लाभदायक होते हैं। प्याज में मौजूद सल्फर से बालों के हेयर फॉलिकल्स नरिश होते हैं। वैसे भी हेयर फॉलिकल्स के दोबारा से बनने के लिए सल्फर का होना काफी जरूरी होता है। सल्फर से भरपूर होने के कारण प्याज बालों का टूटना कम करती है और बालों को पतला होने से भी बचाती है।



### प्याज से मिलने वाले अन्य लाभ

- प्याज का प्रयोग करने से बाल जल्दी सफेद नहीं होते हैं और आप समय से पहले सफेद बालों की समस्या से निजात पा सकते हैं।
- प्याज में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो आपको इंफेक्शन से मुक्त करने में मदद करते हैं।
- यह आपकी रुकी हुई बालों की ग्रोथ को तेज करने में भी मदद करता है।
- प्याज के ये गुण बालों में डेंड्रफ की समस्या को भी कम करते हैं।
- प्याज का रस बालों में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार लाता है।

### प्याज का रस लगाने के लिए टिप्स

- इसके लिए आपको एक पूरा प्याज और एक कॉटन (रुई) पैड की जरूरत होगी।
- सबसे पहले प्याज को कद्दूकस कर लें और उसका रस निकाल कर एक साइड रख लें।
- अब कॉटन पैड को प्याज के रस में भिगो लें और अपने सिर पर थपथपाते हुए लगाएं।
- जब आपका पूरा स्कैल्प कवर हो जाए तो थोड़ी देर सिर की मसाज करें।
- इस रस को सिर में 15 मिनट से लेकर एक घंटे तक लगा रहने दें।

# कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए रोज करें यह एक्सरसाइज

शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के जमा होने से आगे चलकर आपको हाई बीपी, हार्ट अत्तैक और स्ट्रोक की समस्या हो सकती है। शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल एलडीएल नामक कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से होता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर शुरुआत से ही कई लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना एक्सरसाइज का अभ्यास करना बहुत फायदेमंद होता है। आज के समय में खानपान से जुड़ी गड़बड़ी, फास्ट फूड्स और बहुत अधिक तला-भुना खाने की वजह से युवाओं में भी हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या देखने को मिलती है।

शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए आप अपनी खानपान की आदत को सुधारने के साथ रोजाना एक्सरसाइज का अभ्यास जरूर करें। हेल्दी लाइफस्टाइल, रेगुलर एक्सरसाइज और खानपान में बदलाव कर आप शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं। आपको बता दें कि शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है, इसे गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल के नाम से जानते हैं। गुड कोलेस्ट्रॉल हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन और बैड कोलेस्ट्रॉल को लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन कहा जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से मोटापा, दिल से जुड़ी बीमारियां, ब्लड प्रेशर की समस्या और डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसीलिए डॉक्टर हमेशा मरीजों को कोलेस्ट्रॉल का स्तर संतुलित रखने की सलाह देते हैं। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए इन एक्सरसाइज का अभ्यास बहुत फायदेमंद होता है।



**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए ब्रिस्क वॉक :** शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना तेजी से चलना या ब्रिस्क वॉक करना बहुत फायदेमंद होता है। कई शोध और अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि रोजाना ब्रिस्क वॉक करने से शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है। इससे हार्ट से जुड़ी समस्याओं का जोखिम भी कम होता है। ब्रिस्क वॉक यानी रोजाना कुछ किलोमीटर तक तेज गति से चलना बहुत फायदेमंद होता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने में फायदेमंद रनिंग :** शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रनिंग बहुत फायदेमंद है। रोजाना कुछ किलोमीटर तक रनिंग करने से आप वजन और कोलेस्ट्रॉल दोनों को ही कंट्रोल कर सकते हैं। आर्काइव्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक रोजाना लंबी दूरी की रनिंग करने वाले लोगों में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर और घुटनों से जुड़ी कोई समस्या है तो रनिंग करने से पहले एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए साइकिलिंग करें :** कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से शरीर में हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना साइकिलिंग करना बहुत फायदेमंद होता है। आप रोजाना कुछ किलोमीटर तक साइकिल चलाकर शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल को कम करने के अलावा शरीर को हेल्दी और फिट रखने व वजन कम करने के लिए भी साइकिलिंग करना बहुत फायदेमंद है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए योग :** शरीर को निरोगी और हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों का अभ्यास बहुत फायदेमंद है। अगर आप शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करना चाहते हैं तो नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास बहुत फायदेमंद है। रोजाना 40 मिनट से 1 घंटे तक योगाभ्यास करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए आप रोजाना सर्वांगासन, शलभासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, वज्रासन और चक्रासन का अभ्यास कर सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए वेट ट्रेनिंग :** शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज के साथ-साथ वेट ट्रेनिंग भी बहुत फायदेमंद होती है। ऐसे लोग हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से पीड़ित हैं उन्हें रोजाना एक्सपर्ट की देखरेख में वेट ट्रेनिंग एक्सरसाइज करनी चाहिए। कई शोध और अध्यन इस बात की पुष्टि करते हैं कि नियमित रूप से वेट ट्रेनिंग करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।

# लोगों के बीच बोलने से घबराता है बच्चा तो इन तरीकों से बनाएं उसको एक्स्ट्रोवर्ट

कई बच्चे लोगों के साथ बात करने या घुलने-मिलने में घबराते हैं। कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं जो फैमिली और दोस्तों के साथ तो खूब बात करते हैं लेकिन स्कूल में टीचर्स के सामने नहीं बोल पाते या रिश्तेदारों के सामने बोलने में घबराते हैं। ऐसे बच्चों को शर्मीला मान लिया जाता है। लेकिन जरूरी नहीं कि ऐसे बच्चे शर्मीले ही हों। कई बार बच्चे कुछ खास लोगों के सामने या खास स्थितियों में बोलने से डरते हैं। इसे सेलेक्टिव म्यूटिज्म कहा जाता है। अगर आपका बच्चा भी लोगों के बीच जाने या बोलने से घबराता है, तो कुछ खास तरीकों से आप उसकी मदद कर सकते हैं।

**सवाल करें और बात करने दें :** बच्चे कई बार खुद से कोई बात शुरू करने से डरते हैं। ऐसे में जब आपका बच्चा दूसरों के सामने हो और कोई बात न कर रहा हो, तो बातचीत शुरू करने के लिए आप उससे छोटे-छोटे सवाल करें और उसे जवाब देने दें। आप ऐसे सवाल कर सकते हैं, जिनके जवाब उन्हें बड़े वाक्यों के साथ देने पड़ें। इस तरह बच्चे की झिझक कम होगी और उसमें बोलने का कॉन्फिडेंस आएगा।

**एक्टिंग करने या डायलॉग्स कॉपी करने को कहें :** आप फन टाइम में या मूवीज, टीवी सीरियल्स देखते समय बच्चे को किसी खास कैरेक्टर की एक्टिंग करने या डायलॉग्स कॉपी करने के लिए बोल सकते हैं। घर के सदस्यों के बीच अक्सर बच्चे नहीं शर्माते हैं और इस तरह की फन एक्टिविटीज आसानी से कर लेते हैं। ये प्रैक्टिस धीरे-धीरे उनमें बोलने और बात करने की प्रेरणा जगाएगी।

**बच्चे की नए दोस्त बनाने में करें मदद :** अगर आपका बच्चा बहुत ज्यादा शर्मीला है और किसी के सामने भी जाने या बात करने में घबराता है, तो उसकी ये घबराहट उसके दोस्त कम कर सकते हैं। बच्चे अक्सर दोस्तों के साथ ज्यादा कंफर्टेबल होते हैं, इसलिए उनके सामने खुलकर मन की बात बोल पाते हैं। इसलिए आप अपने बच्चे की नए दोस्त बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए घर पर छोटी पार्टी रख सकते हैं, बच्चे को बाहर जाकर दूसरे बच्चों के साथ खेलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या दूसरे बच्चों को अपने घर ग्रुप स्टडी के लिए इनवाइट कर सकते हैं।

**दूसरों के सामने उसे शर्मीला न कहें :** आपका बच्चा भले ही शर्मीला है, लेकिन ध्यान रखें कि आप दूसरो के सामने उसे शर्मीला, चुप्पा, कम बात करने वाला, चुप रहने वाला आदि न कहें। इस तरह की बातें कहने से बच्चों में अक्सर रहा-सहा कॉन्फिडेंस भी कम हो जाता है और वो खुद को इसी तरह का मानने लगते हैं।

# शिशु पालना गृह के पोस्टर का विमोचन

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बाल अधिकारिता विभाग की त्रैमासिक बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने त्रैमासिक अवधि में विभिन्न विभागों द्वारा बाल कल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा बच्चों से संबंधित प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल तस्करी से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए ऐसे बच्चों की पहचान कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शिशु पालना गृह के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष रूप से तैयार किए गए पोस्टर का विमोचन भी जिला कलक्टर द्वारा किया गया। पोस्टर विमोचन के दौरान जिला कलक्टर अरुण गर्ग ने कहा कि नवजात शिशुओं का जीवन अनमोल है और किसी भी परिस्थिति में उन्हें असुरक्षित नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि फेंके नहीं, हमें दें की भावना को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जाए ताकि मजबूरीवश या सामाजिक कारणों से शिशु को छोड़ने की स्थिति में माता-पिता शिशु पालना गृह जैसी सुरक्षित एवं मानवीय व्यवस्था का उपयोग कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा शिशु पालना गृह में शिशु सौंपने वालों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविन्द कुमार ओला ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में शिशु पालना गृह योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था नवजात शिशुओं के लिए सुरक्षित, गोपनीय एवं संवेदनशील है, जहां बिना किसी कानूनी भय के शिशु को सुरक्षित रूप से सौंपा जा सकता है। शिशु पालना गृह योजना का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं को परित्यक्त होने, कुपोषण, शोषण अथवा मृत्यु जैसे खतरों से बचाना है। यहां शिशुओं को तत्काल चिकित्सा सुविधा, पोषण, सुरक्षा एवं देखभाल उपलब्ध कराई जाती है तथा नियमानुसार उनके पुनर्वास की प्रक्रिया अपनाई जाती है। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि शिशु पालना गृह से संबंधित जानकारी को आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, आंगनबाड़ी केंद्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर एवं प्रचार सामग्री प्रदर्शित की जाएगी। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजकीय गृह, किशोर न्याय बोर्ड, पंचायती राज विभाग, स्काउट गाइड, अल्पसंख्यक विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशा-मुक्त नगरी बनाने को लेकर बैठक आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शिक्षा नगरी सीकर को नशा-मुक्त नगरी बनाए जाने के उद्देश्य से नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर परिषद सीकर के कॉफ्रेंस हॉल में थोक तंबाकू विक्रेताओं एवं अभियान से जुड़े विभिन्न हितधारकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीकर शहर को नशा-मुक्त नगरी बनाए जाने के लिए संचालित अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई तथा तंबाकू लाइसेंसिंग प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही अभियान को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाने के लिए भावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि नशा-मुक्त सीकर अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन, व्यापारियों और आमजन की संयुक्त सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी तंबाकू विक्रेताओं से नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने, अवैध तंबाकू बिक्री पर रोक लगाने तथा जनजागरूकता अभियान में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में राजस्व अधिकारी महेश चंद योगी, एनटीपीसी सेल से डॉ संजय शर्मा, मुख्य सफाई निरीक्षक लक्ष्मण सिंह, एसआरकेपीएस से हैदर अली तथा नगर परिषद तंबाकू सेल से सुरेश मिठारवाल सहित आमंत्रित समस्त थोक तंबाकू विक्रेता उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने नशा-मुक्त सीकर अभियान में सकारात्मक सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बैठक के अंत में अभियान को चरणबद्ध रूप से सख्ती के साथ लागू करने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# उपमहानिरीक्षक पुलिस राष्ट्रदीप ने की सामाजिक सरोकार के कार्यों की सराहना

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आईपीएस अधिकारी कुंवर राष्ट्रदीप उपमहानिरीक्षक पुलिस (कार्मिक) एवं प्रमुख स्टॉफ ऑफिसर, कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ के तहसील प्रभारी कपिल मीणा के नाम लिखे शुभकामना एवं बधाई-पत्र में सोसायटी के द्वारा किए गए सामाजिक सरोकार के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की है। उन्होंने लिखा है कि जहां इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट देकर एवं वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाकर सड़क सुरक्षा में सहयोग किया। वहीं राजस्थान पुलिस के ऑपरेशन आवाज, महिला सुरक्षा सखी, पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के उत्साहवर्द्धन हेतु किए गए सम्मान समारोहों, ऑपरेशन गरिमा अभियान के तहत महिला और बालिकाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल-कॉलेजों में शिकायत-पेटिकाएं लगाने के कार्यों में बेहतरीन, लाजवाब एवं शानदार भूमिका निभाई है, जिसके लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ की भूरि-भूरि प्रशंसा की जानी चाहिए। उन्होंने आगे लिखा है कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अजीतगढ़ भविष्य में भी इसी प्रकार से सामाजिक सरोकार के कार्य करती रहे एवं पुलिस विभाग की सहयोगी बनी रह कर समाज सेवा के कार्यों में समाज को जागरूक एवं अपराधमुक्त बनाने में प्रयासरत रहे।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष गोरा आज करेंगे पदभार ग्रहण

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा शुक्रवार को विधिवत रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राजकुमार बिवाल ने बताया कि पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेश के सभी जिलों से युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं की टीम उपस्थित रहेगी।

# दस लाख की चांदी बरामद कर शातिर चोर और खरीदार गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर उत्तर की माणक चौक थाना पुलिस ने 27 जनवरी को मेहंदी का चौक क्षेत्र में हुई नकबजनी का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर करीब दस लाख रुपये मूल्य के तीन किलो चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 27 जनवरी को परिवादी लक्ष्मण सिंह तंवर ने मामला दर्ज करवाया था कि 26 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने उसके कारखाने मेहंदी का चौक की दीवार तोड़कर तिजोरी से भारी मात्रा में चांदी के जेवर चोरी कर लिए। इसके बाद गठित विशेष टीम ने घटनास्थल के आसपास के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करते हुए शातिर चोर और मुख्य आरोपी रेहान निवासी गलता गेट जयपुर सहित चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी मोहम्मद साजिद निवासी जयसिंहपुरा खोर गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी रेहान और उसका फरार साथी शफिगुल स्मैक के नशे के आदी हैं। चोरी के लिए वे सूने मकानों की रेकी करते थे और छत या गंदी गलियों से अंदर घुस जाते थे। चोरी के बाद पुलिस से बचने के लिए गंदे नालों में छिप जाते थे। इनके पास से तीन किलो चांदी के जेवरात जब्त किए गए है। जिसकी बाजार कीमत लगभग 10 लाख रुपये है। वहीं फरार आरोपी शफिगुल की तलाश जारी है। आरोपी ने अन्य मकानों से बर्तन चोरी करने की बात भी कबूल की। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश-महासचिव सहित 3 की मौत

**भरतपुर।** हरियाणा में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश महासचिव खेम सिंह चौधरी और उनके दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। तीनों संत रामपाल के आश्रम गए थे। आश्रम से लौटते वक्त नेशनल हाईवे-152 डी पर बुचावास गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने खेम सिंह की कार को टक्कर मार दी थी। इसके बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए दूरदृष्टि और प्लानिंग जरूरी : संजय सिंह

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से गुरुवार को सेमिनार हॉल में व्यक्तित्व विकास और समय प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ संजय सिंह बघेल रहे। राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित शिक्षाविद प्रो. बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए दूरदृष्टि आवश्यक है तथा सफलता के लिए स्पष्ट योजना और निरंतरता सबसे महत्वपूर्ण हैं। मीडिया विशेषज्ञ एवं प्रेरक वक्ता डॉ संजय सिंह ने विद्यार्थियों को समय के प्रभावी उपयोग और व्यक्तित्व विकास के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। प्रो सिंह ने कहा कि सपने वो नहीं, जो नींद में आते हैं, सपने तो वो हैं जो आपको नींद ही नहीं आने देते। विद्यार्थियों से बड़े लक्ष्य तय कर उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न पुस्तकों और महापुरुषों का उदाहरण देते हुए पर अपनी बात रखी। डॉ बघेल ने कहा कि आज के समय में मीडिया कन्वर्जेंस को समझना विद्यार्थियों के लिए आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. डॉ अनिल कुमार राय ने कहा कि समय कभी रुकता नहीं है, गुजरा हुआ समय कभी लौटता नहीं है।

इसलिए समय का सही प्रबंधन और इसकी कद्र करना आवश्यक है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए समय का सही प्रबंधन करना हर विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है। प्रो. राय ने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। कुलगुरु ने कहा कि समय प्रबंधन व्यक्तित्व विकास का अहम आधार है और विद्यार्थियों को प्रतिदिन कम से कम दो घंटे स्वयं के व्यक्तित्व विकास के लिए समर्पित करने चाहिए। प्रो. राय ने कहा कि आज का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी शामिल है, इसलिए विद्यार्थियों को समय प्रबंधन कर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। सहायक कुलसचिव परीक्षा और अध्ययन प्रभारी डॉ रामचरण मीणा भी उपस्थित थे। अंत में मीडिया प्रभारी डॉ महेश चंद गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

संचालन मीडिया की विद्यार्थी सोनाक्षी ने किया। डॉ संजय सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के सवालों का जवाब भी दिया। इस अवसर पर सभी विभागों के शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# लैबर रूम यूनिट में अविलंब प्रसव वॉच एप्लीकेशन के माध्यम से रिकॉर्ड रखें : मधु




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की निदेशक आरसीएच डॉ मधु रत्तेश्वर एवं अतिरिक्त निदेशक आरसीएच डॉ योगेश्वर प्रसाद ने गुरुवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र सीकर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के प्रसव कक्ष, प्रसव क्षेत्र, प्रसूति वार्ड, नवजात गहन चिकित्सा इकाई, विशेष नवजात देखभाल इकाई, स्तनपान प्रोत्साहन कक्ष, कंगारू मदर केयर कक्ष, कुपोषण उपचार केंद्र, थैलेसीमिया वार्ड, उजाला क्लिनिक, टीकाकरण कक्ष, कोल्ड चैन रूम का जायजा लिया। इस दौरान एसके अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ केके अग्रवाल, जनाना अस्पताल के प्रभारी डॉ राजेश मीणा, विभागाध्यक्ष शिशु रोग डॉ हरीश पूनिया और विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति रोग डॉ अल्का खन्ना को लैबर रूम यूनिट में अविलंब प्रसव वॉच एप्लीकेशन के माध्यम से रिकॉर्ड रखने, प्रसूता के भर्ती के दौरान ही जेएसवाई और लाडो योजना के दस्तावेज प्राप्त कर अविलंब प्रसूता और नवजात बालिका को योजनाओं का लाभांवित करने, गर्भवती एवं स्तनपान करवाने वाली एनीमिया ग्रसित माताओं में एफसीएम इंजेक्शन लगाने, उजाला क्लिनिक में किशोर किशोरियों की प्रभावी काउंसिलिंग और आवश्यक उपचार करने, टीकाकरण कक्ष में आगामी दिवसों में एचपीवी टीकाकरण के मद्देनजर कम्प्यूटर और प्रिंटर की व्यवस्था करने, थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों के रक्त की व्यवस्था हेतु कुटुंब योजना में ब्लड बैंक, एनजीओ के माध्यम से जोड़ कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह, अतिरिक्त जिला प्रभारी अधिकारी राष्ट्रीय बाल, किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ पवन शर्मा एवं जिला वैक्सीन प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर रणजीत सिंह मौजूद रहे।

# जया एकादशी पर ठाकुर श्रीजी ने लाल रंग की मनोहारी नटवर वेश की धारण

**जयपुर ( नवयत्न )।** माघ शुक्ल एकादशी गुरुवार को जया एकादशी के रूप में मनाई गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखा और मंदिरों में जाकर दर्शन किए। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में जया एकादशी पर ठाकुर श्रीजी ने लाल रंग का मनोहारी नटवर वेश धारण कर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर प्रांगण में प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंगला झांकी के बाद महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्रीजी का वैदिक



मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद विशेष श्रृंगार कर नटवर वेश धारण कराया गया। ग्वाल झांकी के बाद विधिवत पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ठाकुरश्री शालिग्राम भगवान का भी वेद मंत्रों के साथ पंचामृत अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। आरती कर भगवान को विशेष भोग अर्पित किए गए। हरिनाम संकीर्तन की मधुर स्वर लहरियों के बीच भक्तों ने बड़ी परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में एकादशी उत्सव मनाया गया। श्री राधा सरस बिहारी सरकार का वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि शाम को एकादशी के पदों का गायन किया गया। पुरानी बस्ती के गोपीनाथजी, चौड़ा रास्ता के राधा दामोदरजी, मदन गोपालजी, त्रिपोलिया बाजार के विनोदी लालजी, रामगंज बाजार के लाडलीजी, चांदनी चौक स्थित बृज निधि सहित अन्य वैष्णव मंदिरों में एकादशी पर ठाकुरजी की विशेष झांकी सजाई गई।

# दोस्त की गला रेतकर हत्या करने वाले गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने रिंग रोड के पास हुए सनसनीखेज हत्याकांड का मात्र 4 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है और वारदात में शामिल एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि ई-रिक्शा के बकाया रुपये को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सांगानेर सदर थाना इलाके में स्थित सीतारामपुरा टोल प्लाजा के पास रिंग रोड पर 27 जनवरी को एक व्यक्ति का गला कटने की सूचना मिली। जहां मृतक की पहचान सत्तार खां निवासी सांगानेर के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी इनायत हुसैन ने सत्तार को विश्वास में लेकर पहले उसे शराब पिलाई और फिर एक सुनसान स्थान पर ले जाकर अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर धारदार हथियार से हमला किया। सत्तार को अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतक ने आरोपी से एक पुराना ई-रिक्शा खरीदा था। कुछ पैसे चुका दिए गए थे लेकिन कुछ राशि बकाया थी। इसी बकाया भुगतान को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था, जिसके चलते आरोपी ने हत्या की योजना बनाई। इस पर घटना की गंभीरता को देखते हुए सांगानेर सदर थानाधिकारी अनिल जैमिनी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

# यूजीसी अधिनियम-2026 : राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को दिया ज्ञापन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में शिष्टाचार भेंट कर राजस्थान में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि एवं जैविक खेती के सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की। परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ अतुल गुप्ता ने प्रदेश में कृषि, पर्यावरण एवं गौ संवर्धन से जुड़े दीर्घकालिक और व्यावहारिक उपायों पर विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के समक्ष यह प्रस्ताव रखा कि राजस्थान सरकार राज्य के प्रत्येक जिले एवं तहसील स्तर पर गौ आधारित प्राकृतिक कृषि केंद्र की स्थापना की जाए। इन केंद्रों के माध्यम से गौ आधारित खेती से जुड़े वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रशिक्षण, प्रयोग एवं नवाचार को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे किसान, कृषि वैज्ञानिक, विद्यार्थी, शोधकर्ता एवं गौशालाएँ प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो सकें। डॉ अतुल गुप्ता ने बताया कि हमने राज्यपाल से प्रदेश में दस हजार नई गौशालाएं खोलने की मांग की। सभी गौशालाओं को राज्य सरकार की ओर से शत प्रतिशत अनुदान दिया जाए। अगर ऐसा कर दिया जाता है तो राजस्थान गौ संवद्धन के लिए एक मॉडल स्टेट बन जाएगा। गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से मिट्टी की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि एक स्थायी एवं समाधानकारी विकल्प के रूप में सामने आई है। गोबर, गोमूत्र, जीवामृत, घनजीवामृत, बीजा मृत एवं पंचगव्य जैसे प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से न केवल लागत घटती है बल्कि उत्पादन की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। प्रतिनिधि मंडल ने अवगत कराया कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती से किसानों की आय में वृद्धि, मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण, जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं गौशालाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की जा सकती है। यदि प्रत्येक जिले एवं तहसील में प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र स्थापित किए जाएं तो यह मॉडल पूरे देश के लिए अनुकरणीय बन सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि वे इस विषय में राज्य सरकार को एक विशेष अनुशंषा प्रस्ताव प्रेषित करें ताकि नीति स्तर पर इस दिशा में ठोस निर्णय लिया जा सके। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रतिनिधिमंडल के सुझावों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने गौ आधारित प्राकृतिक कृषि की अवधारणा को समयानुकूल एवं जनहितकारी बताते हुए कहा कि यह न केवल किसानों के लिए लाभकारी है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्य की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि यूजीसी नियम 2026 के आंदोलन को जब तक जारी रखा जाएगा। तब तक सरकार इस नियम को वापस नहीं ले लेती। एक फरवरी को समाज के लोग भारी संख्या में शहीद स्मारक पर इकट्ठे होंगे। उससे पूर्व राजस्थान के सभी जिला व तहसील में यूजीसी हटाओ जन जागरण अभियान की शुरुआत की जा चुकी है । यह नियम सभी समाजों को बांटने के लिए यह कानून लाया गया है जो अंग्रेजों का कानून याद दिलाता है । सामान्य ओबीसी व एससी एसटी के छात्रों के बीच में असमानता करने वाला कानून समानता कैसे पैदा कर सकता है। इस समझ के पार हैं । गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने खुले तौर पर नियमों को वापस नहीं लेने तक आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी दी।


# 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा संचालित किया जाएगा। कुष्ठ दिवस 30 जनवरी से प्रारंभ होने वाले इस अभियान के अंतर्गत जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण एवं सामाजिक जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने कुष्ठ रोग को लेकर आम नागरिकों के नाम संदेश जारी करते हुए कहा कि विकसित भारत अभियान के तहत जिले के समस्त नागरिक, अधिकारी एवं कर्मचारी एकजुट होकर यह संकल्प लें कि धौलपुर को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग का समय पर निदान सरल है और इसका उपचार पूरी तरह संभव है। जिले में कुष्ठ रोग के सभी संभावित मामलों की शीघ्र पहचान कर उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए रोग उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। जिला कलक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्ति एवं उनके परिवारजनों के साथ किसी भी प्रकार का सामाजिक भेदभाव स्वीकार्य नहीं है। समाज में फैली भ्रांतियों, कलंक एवं भेदभाव को समाप्त करने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास किए जाएंगे ताकि प्रभावित व्यक्तियों को सम्मान के साथ समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके। उन्होंने सभी कलंक का अंत, गरिमा का आलिंगन एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता का संकल्प लेने का आह्वान किया। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़े के दौरान कुष्ठ दिवस पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जहां सरपंच ग्रामवासियों से कुष्ठ रोगियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार एवं भेदभाव समाप्त करने की अपील करेंगे। ग्राम सभा में कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों का ग्राम सभा प्रमुख द्वारा अभिनंदन भी किया जाएगा। साथ ही जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी एवं संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की थीम श्भेदभाव का अंत एवं गरिमा को सुनिश्चित करना रखी गई है। नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमएचओ डॉ भवर लाल सर्वा ने जानकारी दी कि पखवाड़े के दौरान आशा सहयोगिनी एवं एएनएम द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी तथा आमजन को रोग के लक्षणों एवं उपचार के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर कुष्ठ रोग के उपचार हेतु दवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर बदरंग अथवा सुन्न चकत्ते दिखाई दें तो उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को दिखाना चाहिए क्योंकि ये कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण हो सकते हैं। नियमित उपचार से यह रोग पूर्णतः ठीक हो सकता है।

दैनिक नवयत्न
www.dainiknavyatn.com
Follow us on /dainiknavyatn
सीकर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 | 06

# मोतियाबिंद, सर्जरी ही है इसका सही इलाज



मोतियाबिंद आंखों की एक ऐसी बीमारी है, जिसमें मरीज की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होती है देश में ब्लाइंडनेस की सबसे बड़ी वजह मोतियाबिंद है। 70 पर्सेंट ब्लाइंडनेस मोतियाबिंद यानी कैटरैक्ट की वजह से होती है। लेकिन, पिछले दो साल से देश कोविड महामारी से जूझ रहा है और इस दौरान बिना वजह भारी संख्या में लोगों ने स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया है और इस वजह से पिछले कुछ दिनों से मोतियाबिंद के मामले बढ़ गए हैं। यही नहीं समय पर इलाज नहीं होने की वजह से इन लोगों में कॉम्प्लीकेशन बढ़ गया है। समय पर सर्जरी नहीं हो पाने की वजह से ऐसे लोगों में मोतियाबिंद काला मोतिया बन जा रहा है। यही वजह है कि डॉक्टर ऐसे लोगों को जल्द से जल्द सर्जरी की सलाह दे रहे हैं, क्योंकि इस बीमारी का सबसे अच्छा इलाज सर्जरी ही है। सेंटर फॉर साइट के डायरेक्टर डॉ.महिपाल सचदेव ने बताया कि देश में लगभग 12 मिलियन लोग मोतियाबिंद के शिकार थे, इसमें से 70 से 75 लाख की ही सर्जरी हो पाती है। मोतियाबिंद आंखों की एक ऐसी बीमारी है जिसमें मरीज की आंखों की रोशनी धीरे-धीरे कम होती है। बिना किसी दर्द, रोशनी धुंधली होती जाती है। ऐसे लोगों को पहचान करने में दिक्कत होती है, रात में दिखाई कम पड़ती है, बार बार चश्मे का नंबर बदलता रहता है और इसके बाद भी परेशानी कम नहीं होती है। इलाज नहीं किया जाए तो यह बीमारी सफेद मोतियाबिंद में बदल जाती है और तब स्थिति और खराब हो जाती है। डॉ.महिपाल ने बताया कि मोतियाबिंद कई वजह से हो सकती है। सबसे बड़ी वजह उम्र है। इसके अलावा चोट लगने या आंखों की दूसरी बीमारी होने की वजह से भी हो सकता है। आंखों के कॉर्निया में अल्सर होने, ट्यूमर होने या रेडिएशन थेरेपी की वजह से हो सकता है। कुछ लोगों को जेनेटिक भी होता है। इसके अलावा जो लोग लंबे समय से थायराइड या डायबिटीज से पीड़ित हैं, उन्हें भी यह बीमारी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच जरूरी है। इसलिए इलाज के लिए एक्सपर्ट के पास ही जाएं। जांच के दौरान यह देखा जाता है कि जिन्हें मोतियाबिंद होता है उनकी आंखों के बीच में सफेदी आ जाती है, इसलिए इसे सफेद मोतियाबिंद भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल इस बीमारी में आंखों का लेंस जो पारदर्शी होता है, वह क्लाउडी हो जाता है। इसकी वजह से विजन कम हो जाती है। लोगों को पढ़ने लिखने में दिक्कत होती है। रंग की पहचान कर पाना मुश्किल होता है। लोगों को धुंधला या येलो दिखता है। समय पर इलाज कराने पर इससे छुटकारा मिल सकता है।

# चूना और दालचीनी से मिलेंगे ये फायदे, ऐसे करें इस्तेमाल

अधिकतर लोग चूने का सेवन पान में मिलाकर करते हैं। वहीं दालचीनी को भोजन का स्वाद और पोषक तत्व बढ़ाने मसाले के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, चूना और दालचीनी को एक साथ लेना भी फायदेमंद हो सकता है। जब चूना और दालचीनी को खाया जाता है, तो इससे सेहत को कई लाभ मिल सकते हैं।



## हड्डियां मजबूत बनाए

चूना और दालचीनी लेने का एक फायदा, हड्डियों को मजबूत बनाना है। चूने को हड्डियों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, चूने में कैल्शियम अधिक होता है, इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। हड्डियों के दर्द से भी छुटकारा मिल जाता है। इसके अलावा चूना और दालचीनी हड्डियों से संबंधित कई समस्याओं को दूर करने में भी उपयोगी साबित होते हैं।

## कब्ज से छुटकारा दिलाए

आजकल अधिकतर लोग कब्ज से परेशान हैं। ऐसे में वे तरह-तरह की दवाइयों का सेवन करते हैं। लेकिन चूना और दालचीनी का सेवन करने से कब्ज से भी छुटकारा मिल सकता है। कब्ज के लिए यह एक अच्छा घरेलू उपाय साबित हो सकता है। लेकिन हर व्यक्ति को इसका रिजल्ट मिले, यह जरूरी नहीं है।

## वात रोगों का इलाज करे

आयुर्वेद के अनुसार चूना और दालचीनी वात रोगों के इलाज में भी उपयोगी साबित हो सकते हैं। अगर आपको किसी भी प्रकार का वात रोग है, तो चूना और दालचीनी को एक साथ मिलाकर ले सकते हैं। इससे जोड़ों, मांसपेशियों, कमर, पैरों और घुटनों के दर्द से काफी राहत मिल सकती है। चूना और दालचीनी शरीर के सभी हिस्सों के दर्द को छूमंतर कर सकते हैं।

## पोषक तत्वों का अवशोषण

हम हेल्दी खाना खाते हैं, लेकिन कई बार इनमें मौजूद पोषक तत्व हमें नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में चूना और दालचीनी का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। चूना और दालचीनी खाने से शरीर सभी माइक्रोन्यूट्रीएंट्स को आसानी से अवशोषित कर लेता है। आपको बता दें कि चूने में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है। जब चूना और दालचीनी का सेवन किया जाता है, तो शरीर को पर्याप्त कैल्शियम मिल जाता है। विटामिन्स और प्रोटीन को पचाने के लिए कैल्शियम की काफी जरूरत होती है।

## त्वचा के लिए उपयोगी

चूना और दालचीनी त्वचा के लिए भी लाभकारी साबित हो सकता है। दरअसल, चूने का पेस्ट कील-मुहांसों को दूर करने में मदद कर सकता है। इसके साथ ही चूना त्वचा के तिल और मस्सों से भी छुटकारा दिला सकता है। इसके लिए आप प्रभावित स्थान पर चूने का पेस्ट लगा सकते हैं।

## चूना और दालचीनी के नुकसान

- चूना और दालचीनी का सेवन अधिक मात्रा में करने से बचना चाहिए।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को इनका सेवन नहीं करना चाहिए।
- अगर दालचीनी से एलर्जी है, तो भी सेवन से बचें।

# चेहरे पर निखार लाने के लिए चीनी-नींबू से बनाएं फेस स्क्रब

त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बनाने के लिए स्क्रबिंग करना बेहद जरूरी होता है। स्क्रब करने से त्वचा के डेड स्किन सेल्स साफ हो जाते हैं और टैनिंग भी दूर होती है। स्किन पर डेड स्किन जमा हो जाने से इसकी रंगत काली होने लगती है, साथ हीर स्किन पर मुहांसे, झाइयां आदि समस्याएं होने लगती हैं। कई बार महंगे प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से भी त्वचा में निखार नहीं पाता, जिस कारण स्किन पर धीरे-धीरे समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए आप चीनी और नींबू का स्क्रब घर पर बना सकते हैं। ये त्वचा की गंदगी को साफ करके उसे चमकदार बनाने में मदद करेगा।



## चीनी और नींबू का स्क्रब बनाने के लिए सामग्री

- चीनी 2 चम्मच
- नींबू का रस- 2 चम्मच
- गुलाबजल- 1 चम्मच
- ग्लिसरीन- आधा चम्मच

## चीनी और नींबू का स्क्रब बनाने का तरीका

एक कटोरी में 2 चम्मच चीनी लें और दूसरी कटोरी में नींबू का रस, गुलाबजल और ग्लिसरीन को अच्छे से मिला लें। अब निचोड़े हुए नींबू के छिलके को पहले इस मिश्रण में डुबोएं और फिर चीनी वाले बाउल में डिप करके इस पर चीनी लगा लें। अब इसी नींबू को चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ते हुए स्क्रब करें। अगर मिश्रण सूखा लग रहा है, तो चेहरे पर और गुलाबजल लगा सकते हैं। इस स्क्रब को चेहरे पर 10 से 15 मिनट तक लगा रहने दें। सूखने के बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें और मॉइश्चराइजर लगाएं।

## टैनिंग को कम करे

चेहरे की टैनिंग दूर करने के लिए हफ्ते में एक बार चीनी और नींबू का स्क्रब चेहरे पर लगा सकते हैं। ये स्क्रब पुरानी टैनिंग को भी दूर करने में मदद करता है। नींबू और चीनी मिलकर त्वचा में निखार लाने में मदद करते हैं।

## झुर्रियां को कम करने में मदद करता है

त्वचा पर नियमित तौर पर स्क्रबिंग करने से त्वचा में झुर्रियां कम होती हैं। त्वचा पर चीनी और नींबू के इस्तेमाल से झुर्रियों को कम करने में मदद मिलती है। ये एक नैचुरल स्क्रब है, जो त्वचा से मृत कोशिकाओं को हटाने का काम करता है।

## त्वचा पर ग्लो लाने के लिए

चीनी त्वचा को साफ करने का काम करती है। वहीं नींबू की मदद से त्वचा चमकदार बनती है। नींबू और चीनी को स्किन पर लगाने से त्वचा की असमान रंगत में भी सुधार होता है। इसका इस्तेमाल हफ्ते में एक बार ही करें।

## ड्राई स्किन की समस्या दूर होगी

चीनी और नींबू के स्क्रब में ग्लिसरीन मिलाने से ड्राई स्किन की समस्या दूर करने में मदद मिल सकती है। इस स्क्रब की मदद से त्वचा की डीप क्लिनिंग होगी, साथ ही स्किन को पोषण भी मिलेगा। इस स्क्रब का इस्तेमाल किसी भी मौसम मे किया जा सकता है।

# हाई ब्लड प्रेशर रोगी रोज खाएं ये ड्राई फ्रूट्स, कंट्रोल रहेगी बीपी

ड्राई फ्रूट्स का सेवन संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ड्राई फ्रूट्स में हेल्दी फैट्स के साथ ही ओमेगा-3 फैटी एसिड, पोटैशियम, मैग्नीशियम, डाइट्री फाइबर, कैल्शियम, कॉपर, आयरन, विटामिन ए, सी, ई, के जैसे जरूरी पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं। इसके अलाव इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी अच्छी मात्रा में होते हैं। जिससे यह न सिर्फ शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करने में मदद करते हैं, बल्कि कई सेहत को कई लाभ प्रदान करने के साथ ही कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

**सूखे आलूबुखारा :** आलूबुखारा में पोटैशियम प्रचुर मात्रा में मौजूद होता है। जिससे यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में बहुत लाभकारी है। आप रात भर भीगे हुए सूखे आलूबुखारे का सुबह सेवन कर सकते हैं। आप ब्रेकफास्ट या सुबह खाली पेट दूध के साथ सूखे आलूबुखारा का सेवन कर सकते हैं।

**सूखे अंजीर :** सूखे अंजीर में डाइट्री फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम की भरपूर मात्रा होती है। जिससे यह ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है। आप रात भर सूखे अंजीर का सेवन सुबह कर सकते हैं।



**काजू :** काजू खाने से खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद मिलती है। साथ ही इसमें सोडियम का स्तर कम होता है और पोटेशियम की अच्छी मात्रा में मौजूद होते है। जिससे हाई बीपी को कंट्रोल करने में फायदेमंद है।

**बादाम :** बादाम में अल्फा टोकोफेरोल नामक यौगिक मौजूद होते हैं, जिन्हें शरीर में ब्लड प्रेशर के सामान्य स्तर को बनाए रखने के लिए जाना जाता है। इसके अलावा ये हेल्दी फैट्स और विटामिन ई का बेहतरीन स्रोत हैं। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर रोगियों के लिए बादाम का सेवन बहुत लाभकारी है। आप 7-8 रातभर भीगे हुए बादाम का सेवन कर सकते हैं।

**पिस्ता :** पिस्ता में एंटीऑक्सिडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है। इनमें कैलोरी कम होती है साथ ही ये फाइबर से भरपूर होते हैं।

# चेहरे पर चावल का आटा लगाने से दूर होती हैं कई समस्याएं

चावल का आटा हमारी से सेहत को तो दुरुस्त रखता ही है, साथ ही ये हमारे फेस के लिए भी काफी फायदेमंद है। चावल का आटा चेहरे पर लगाने से चेहरे की रंगत निखरती है, चेहरे के दाग-धब्बे दूर होते हैं, चेहरा चमकदार बनता है और टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। चावल का आटा एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और फोलिक एसिड से भरपूर होता है , जो चेहरे की कई समस्याओं को दूर करते हैं। इसका इस्तेमाल त्वचा के एक्सेस ऑयल को निकालने के लिए भी कर सकते हैं। चावल का आटा चावल को पीसकर बनाया जाता है। 1 चम्मच चावल के आटे को मलाई में मिला कर मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को डार्क सर्कल पर अप्लाई करें। 15-20 मिनट इसे लगा रहने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें। लगातार ऐसा करने से डार्क सर्कल की समस्या दूर होती है। हफ्ते में दो बार इस नुस्खे को ट्राई कर सकते हैं।





## रंगत निखारने के लिए

चावल का आटा त्वचा के नैचुरल रंगत को निखारने में मदद करता है। एक कटोरी में 1 चम्मच चावल का आटा, मैश किया हुआ कच्चा आलू, आधा चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल मिला लें। अब इस मिश्रण को स्क्रब के जैसा चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट इस मिश्रण को लगाने के बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

## दाग-धब्बे दूर करें

दाग-धब्बे चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। दाग-धब्बे कम करने के लिए 1 चम्मच चावल का आटे में 1 चम्मच गुलाब जल और 1 चम्मच बादाम का तेल मिक्स कर लें। इस मिश्रण को हफ्ते में 3 बार चेहरे के दाग-धब्बों पर लगाएं। जल्द ही आपको फर्क नजर आएगा।

## मुहांसे की समस्या होती है दूर

चावल के आटे में ऑयल अब्सोर्बिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। ज्यादा ऑयल चेहरे पर कील-मुंहासों को बढ़ाते हैं। इसलिए ऑयली स्किन वाले लोग चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकते है। इसको बनाने के लिए दो चम्मच चावल के आटे में गुलाबजल मिलाएं।इसका एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। फिर नॉर्मल पानी से चेहरे को धो लें।

## ग्लो पाने के लिए

चेहरे के चमक बढ़ाने के लिए आप चावल के आटे का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसको बनाने के लिए 1 चम्मच चावल का आटा, चंदन पाउडर और दही का एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगा रहने दें। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में 2 बार कर सकती हैं। ध्यान रखें, चावल का आटा फेस पर लगाने से पहले पैच टेस्ट अवश्य करें।

# गिलोय का सेवन करने के फायदे

आयुर्वेद में गिलोय का अमृता कहा जाता है और सदियों से इसका इस्तेमाल बुखार, सर्दी-खांसी आदि को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। जहां तक आम लोगों के बीच गिलोय की लोकप्रियता की बात है तो कोरोना ने इसे घर-घर में पॉप्युलर बना दिया है और अब इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए लोग गिलोय के काढ़े से लेकर, जूस और गोलियों तक का सेवन कर रहे हैं। आयुर्वेद के जानकारों के अनुसार, पान के पत्ते की तरह दिखने वाले गिलोय की पत्तियों में कैल्शियम, प्रोटीन, फॉस्फोरस भरपूर मात्रा में होता है। जबकि इसके तने में स्टार्च की अधिकता होती है। आयुर्वेद एक्सपर्ट्स के अनुसार, गिलोय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही कई बीमारियों से भी बचाव करता है।

**बीमारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ाता है :** अमृता यानी गिलोय रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जाना जाता है, तभी तो कोरोना काल में गिलोय की मांग बहुत अधिक बढ़ गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह वायरस से होने वाली बीमारियों से शरीर को बचाता है और सर्दी-जुकाम से बचाने में भी कारगर है क्योंकि इसकी तासीर बहुत गर्म होती है। बुखार में भी इसके सेवन की सलाह दी जाती है।

**ब्लड प्लेटलेट्स बढ़ाता है :** डेंगू होने पर ब्लड प्लेटलेट्स तेज़ी से कम होने लगते हैं ऐसे में आयुर्वेद विशेषज्ञ मरीजों को गिलोय के सेवन की सलाह देते हैं, क्योंकि इससे



प्लेटलेट्स तेजी से बढ़ने लगते हैं। गिलोय के हरे तने को काटकर अच्छी तरह साफ करने के बाद इसे पानी में करीब आधे घंटे तक उबाला जाता है और जब पानी का रंग हरा हो जाए तो इस पानी को छानकर मरीज को दें। दरअसल, गिलोय में एंटीपायरेटिक तत्व होता है जो डेंगू के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है और इससे इम्यूनिटी भी बढ़ती है जिससे मरीज जल्दी ठीक हो जाता है।

**जॉन्डिस में फायदेमंद :** गिलोय न सिर्फ बुखार और सर्दी-खांसी, बल्कि जॉन्डिस यानी पीलिया के मरीजों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। आयुर्वेद के जानकारों का मानना है कि गिलोय के पत्तों का रस पीने से पीलिया के मरीज़ों को आराम मिलया है और इसकी वजह से होने वाला बुखार और दर्द भी कम होता है।

**पाचन को दुरुस्त रखता है :** यदि आप अक्सर पेट से जुड़ी बीमारियों से परेशान रहते हैं, तो गिलोय का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि इसके नियमित सेवन से कब्ज और गैस जैसी समस्याओं से राहत मिलती है और पाचन तंत्र ठीक तरह से काम करता है।

**एनीमिया में फायदेमंद :** आयुर्वेद विशेषज्ञों के मुताबिक, जिन लोगों को खून की कमी होती है उन्हें भी गिलोय का सेवन करना चाहिए, क्योंकि गिलोय में ग्लूकोसाइड और टीनोस्पोरिन, पामेरिन और टीनोस्पोरिक एसिड की मात्रा अधिक होती है जो शरीर में खून की कमी दूर करने में मददगार है।

## गिलोय का सेवन किसे नहीं करना चाहिए?

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि गिलोय बहुत फायदेमंद है, लेकिन हर चीज़ की तरह इसके भी कुछ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसलिए कुछ लोगों को विशेष परिस्थितियों में इसका सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर बहुत गर्म होती है इसलिए प्रेग्नेंट महिलाओं को भूल से भी गिलोय का सेवन नहीं करना चाहिए र न ही 5 साल से कम उम्र के बच्चों को गिलोय देना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों को ब्लड शुगर लेवल कम रहता है, उन्हें भी इसके सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि गिलोय ब्लड शुगर लेवल को और कम कर सकता है। जिन लोगों का पाचन कमजोर है उन्हें भी गिलोय के सेवन से बचने की जरूरत है।

# बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए उनकी लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

पेरेंट्स को अक्सर इस बात की चिंता लगी रहती है कि उनके बच्चे की हाइट अच्छी हो। कई बार बच्चों का शारीरिक विकास ठीक से नहीं होने के कारण उनकी हाइट ठीक से नहीं बढ़ पाती। हाइट न बढ़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे- पोषण की कमी, गलत लाइफस्टाइल, खेल-कूद में कमी आदि। अगर सही समय से बच्चे की हाइट न बढ़े, तो ये बातपेरेंट्स को काफी परेशान करती है। लेकिन लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करके बच्चों की हाइट बढ़ाने में मदद की जा सकती है।

**लटकना है जरूरी :** बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए सुबह और शाम बच्चे को लटकने के लिए प्रेरित करें। लटकने से पीठ की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और इनमें खिंचाव आता है, जो हाइट बढ़ाने में मददगार हो सकता है। रोज लटकने से रीढ़ की हड्डी सीधी रहती है। बच्चों के लटकते समय उनके आसपास ही रहें। ध्यान रखें जब वह लटकें तो उन्हें चोट न लगे।

**योगासन कराएं :** योग करने से शरीर स्वस्थ बनता है। बच्चे अगर नियमित रुप से सूर्य नमस्कार, त्रिकोणासन, ताड़ासन और वृक्षासन आदि करते हैं, तो उनकी हाइट बढ़ने में मदद मिलती है। बच्चों का ऐसा रूटीन सेट करें कि वह सुबह और शाम योग के लिए टाइम निकाल सकें। कोशिश करें आप भी बच्चों के साथ योग करें। इससे बच्चों में योग की प्रति रूचि पैदा करने में मदद मिलेगी। आप बच्चे के साथ पार्क में जाकर ग्रुप योग भी कर सकते हैं। ऐसा करने से बच्चे को योग करने मे मन लगेगा।

**फल और ड्राई फ्रूट्स खिलाएं :** बच्चों की हाइट तभी सही से बढ़ेगी, जब उनका इम्यून सिस्टम मजबूत होगा। इम्यून सिस्टम मजबूत होने से बच्चे कम बीमार पड़ेंगे और उनका विकास सही गति से होगा। बच्चे के इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बच्चों के आहार में विटामिन सी की मात्रा बढ़ाएं। इसके लिए बच्चे को फल खिलाएं, साथ ही उनके आहार में ड्राई फ्रूट्स को शामिल करें।

**बच्चों को आउटडोर एक्टिविटी करवाएं :** अपने बच्चे को खेलकूद के लिए खूब प्रेरित करें। बच्चों को साइकिल चलाने, फुटबॉल खेलने, बास्केटबॉल खेलने, रस्सी कूदने और बैडमिंटन खेलने जैसी एक्टिविटीज के लिए बाहर भेजें। ये सभी एक्टिविटीज बच्चों की हाइट बढ़ने में मददगार होने के साथ उन्हें सोशल होने में भी मदद करेंगी। इन एक्टिविटीज को रेगुलर करने से बच्चे मोटापे का शिकार भी नहीं होंगे।

**नींद :** बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है। बच्चों को दिनभर में 10 से 12 घंटे अवश्य सुलाना चाहिए। बच्चे की नींद पूरी कराने के लिए उसे रात को समय पर सुलाने के साथ दिन में भी थोड़ी देर के लिए जरूर सुलाएं।

# पाचन शक्ति बढ़ाने में मदद करेंगे ये घरेलू उपाय

आपने अक्सर डॉक्टर्स या हेल्थ एक्सपर्ट्स को कहते सुना होगा कि आपका पेट जितना स्वस्थ रहेगा, उतना ही सेहतमंद रहेंगे। ऐसा माना जाता है कि संपूर्ण स्वास्थ्य की भलाई आपके पेट के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। इसलिए अपने पेट, आंत और पाचन तंत्र का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। लेकिन हम में से ज्यादातर लोग अपने खराब खानपान और जीवनशैली की आदतों के चलते खराब पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना आए दिन करते हैं, जिसमें पेट में दर्द, सूजन, ब्लोटिंग, गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी समस्याएं सबसे आम हैं। अगर लंबे समय तक ये समस्याएं बनी रहती हैं, तो इससे कई अन्य गंभीर समस्याओं का जोखिम बढ़ता है। बवासीर जैसी समस्याओं के लिए कमजोर पाचन एक बड़ा कारण हैं।



## भोजन को अच्छी तरह चबाएं

पाचन तंत्र को मजबूत बनाने का सबसे आसान उपाय है, आप जो कुछ भी खाते हैं उसे अच्छी तरह चबा-चबा कर खाएं। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें आपका भोजन आधे से ज्यादा आपके मुंह में ही पचने योग्य हो जाता है। आप जितना अच्छी तरह और धीरे-धीरे भोजन को चबाते हैं तो उसमें लार अच्छी तरह मिल जाती है। जो भोजन के बेहतर पाचन में सहायता करती है और पाचन को मजबूत बनाती है, क्योंकि हमारी लार में पाचन एंजाइम होते हैं।

## गर्म पानी से दिन की शुरुआत करें

अगर आप सुबह गुनगुने पानी से दिन की शुरुआत करते हैं, तो यह न सिर्फ आपकी पाचन क्रिया को मजबूत बनाने में मदद करता है, बल्कि टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में भी मदद करता है। यह अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में बहुत सहायक है। आप चाहें तो जीरे के पानी में शहद और नींबू का रस मिलाकर भी सेवन कर सकते हैं, इससे बहुत लाभ मिलेगा।

## फाइबर रिच फूड्स का सेवन करें

कोशिश करें कि आप फाइबर से भरपूर फूड्स जरूर खाएं, क्योंकि फाइबर आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए बहुत जरूरी है। यह पेट संबंधी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में भी मदद करता है। ड्राई फ्रूट्स, नट्स, बीज, साबुत अनाज, दाल, सोयाबीन, राजमा, छोले आदि में फाइबर अच्छी मात्रा में होता है।

## लंच में दही या छाछ पिएं

दही और छाछ दोनों ही बेहतरीन प्रोबायोटिक्स में से एक है। प्रोबायोटिक्स आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने में मदद करते हैं और पाचन शक्ति को बढ़ाते हैं। यह मेटाबॉलिज्म को तेज करने में भी मददगार हैं।

# प्रिंस महोत्सव डे-4 में 650 विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** प्रिंस महोत्सव के चौथे दिन प्रिंस एकेडमी कक्षा 10वीं से 12वींए प्रिंस स्कूल राजस्थान बोर्ड तथा पीसीपी कक्षा 10वीं प्री-फाउंडेशन के विद्यार्थियों का भव्य वार्षिक उत्सव आयोजित हुआ। समारोह में 32 सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 650 से अधिक विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने पेट्रियोटिक, राम सिया राम, संभाजी, हिप हॉप, नरसिम्हा, ऑपरेशन सिंदूर, वूमन एम्पावरमेंट, फेस्टिवल्स ऑफ इंडिया, अफ्रीकन डांस, कत्थक, धुरंधर, लिजेंड्री अमिताभ बच्चन आदि प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल सहित प्रिंसिपल्स, एकेडमिक हेड, कोर्डिनेटर्स ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। निदेशक जोगेन्द्र सुण्डा ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि लक्ष्य केंद्रित, सुनियोजित व अनुशासित जीवनशैली ही सफलता की कुंजी है। प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## श्याम बाबा का 7 वां वार्षिक उत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम लूणासर में स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के माहौल में बाबा का 7वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। राजलदेसर वीर बुंगली बालाजी मंदिर से निशान यात्रा शुरू हुई जो लूणासर स्थित श्रीश्याम बाबा मंदिर पहुंची। यात्रा में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए बाबा के जयकारे लगाए और मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी नारायण प्रसाद के सान्निध्य में विगत कई वर्षों से ये वार्षिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होता आ रहा है। पंडित बृजेश दाधीच द्वारा विधिवत सपत्नीक रमेश पारीक द्वारा पूजा संपन्न करवाई गई। इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशेष आरती व प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अनेक श्याम भक्त मौजूद रहे।

फोटो 31

| राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
|---|---|
| साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |

पौष 19, शुक्रवार, शाके 1947 जनवरी 09, 2026
Pausa 19, Friday, Saka 1947- January 09, 2026

सत्यमेव जयते

**भाग-1 ( ख )**
**महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग**
**( भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा ( 1 ) के अन्तर्गत )**
**प्रपत्र-7**
**प्रारम्भिक अधिसूचना**
**जयपुर, दिसम्बर 28, 2025 ( नियम 16 का उपनियम ( 1 ) देखें )**

**Rajkaj 19610559**राजस्थान सरकार को यह प्रतीत होता हैं कि उपखण्ड क्षेत्र दाँतारामगढ़ में, संलग्न अनुसूची की सम्बद्ध सारणी के कॉलम (1) से (6) तक में तहसील-दाँतारामगढ़ जिला-सीकर के उल्लेखित 01 राजस्व ग्राम खाचरियावास के 20 खसरों के आंशिक सम्पूर्ण भाग का 4.28 हैक्टेयर क्षेत्रफल प्रान्तीय महत्त्व की प्रस्तावित एवं राजस्थान राजपत्र विशेषांक जनवरी 17, 2025 द्वारा अधिसूचित परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-08 (आंतेला) जिला जयपुर से गढ़तकनेट कॉवट खण्डेला गोरिया जीणमाता खाचरियावास किमी 139/500 से 155/000 (राज्य राजमार्ग संख्या-83) पर ''खाचरियावास बाईपास सड़क निर्माण परियोजना'' का जनहित में निर्माण/ विकास किए जाने के लिए इन आवश्यक भूमि/भूमियों की भूमि-अवाप्ति की कार्यवाही ''भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 30) की धारा-11 की उपधारा (1) एवं राजस्थान सरकार के नियम 2016 के नियम-16 उपनियम (1)'' के प्रावधानों के अन्तर्गत किया जाना अत्यावश्यक हैं।

उक्त अधिनियम एवं नियम के प्रावधानों तथा विहित प्रक्रियानुसार परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-08 (आंतेला) जिला जयपुर से गढ़तकनेट कॉवट खण्डेला गोंरिया जीणमाता खाचरियावास किमी 139/500 से 155/000 (राज्य राजमार्ग संख्या-83) पर ''खाचरियावास बाईपास सड़क निर्माण परियोजना'' से प्रभावित भूमियों/भू-भाग/ क्षेत्र का अधिकृत ईकाई द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण एवं आंकलन अध्ययन रिपोर्ट तैयार करवाकर आमजन/हितबद्ध को सूचित कर की गई जनसुनवाई के उपरान्त नियमानुसार गठित गैर-सरकारी बहुआयामी विशेषज्ञ समूह द्वारा रिपोर्ट के किए गए परीक्षण एवं अनुशंषा के तदुपरान्त राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित परियोजना का सारांश यह है कि इस परियोजना सड़क के लिए भू-अर्जन के कारण प्रभावित परिवारों में से कुल शून्य (संख्या) परिवारों/ कुटुम्बों के विस्थापित होने की संभावना है। अत: सीकर जिले की दाँतारामगढ़ तहसील के राजस्व ग्राम खाचरियावास में उक्त परियोजना सड़क के लिए 4.28 हैक्टेयर मानक माप के भूखण्ड, जिसका विवरण निम्नानुसार है, का अर्जन किया जाता है।

**अधिग्रहित की जाने वाली भूमि की अनुसूची से सम्बद्ध सारणी ( सार-संक्षेप )**

| क्र. सं. | जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | प्रभावित भूमि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | खसरा संख्या | क्षेत्रफल ( हैक्टेयर में ) |
| ( 1 ) | ( 2 ) | ( 3 ) | ( 4 ) | ( 5 ) | ( 6 ) |
| 1 | सीकर | दाँतारामगढ़ | खाचरियावास | 20 | 4.28 |

प्रस्तावित परियोजना अन्तर्गत तहसील दाँतारामगढ़ के राजस्व ग्राम खाचरियावास की प्रभावित भूमि का विस्तृत विवरण संलग्न अनुसूची में अंकित हैं तथा परियोजना से सम्बन्धित जानकारी, कोई भी हितबद्ध व्यक्ति कार्य दिवसों में कार्यालय भूमि-अवाप्ति अधिकारी (सक्षम प्राधिकारी) एवं उपखण्ड अधिकारी, दाँतारामगढ़ से प्राप्त कर सकता है।

**प्रस्तावित भूमि अर्जन का विवरण निम्नानुसार है।**

भूमि-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-12 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-द्वितीय सीकर को, अन्य तकनीकी विशेषज्ञों से सहयोग लेने व स्वयं मय अधीनस्थ स्टाफ के अपने श्रमिकों सहित यदि कोई हो, को प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, तलमापन / अन्य कोई माप करने, अवमृदा के भीतर खोदने/भेदन करने तथा वे समस्त कार्य हो धारा-12 में वर्णित हैं, को करने के लिए प्राधिकृत करती हैं

अधिनियम की धारा-11 (4) के अनुसार कोई भी व्यक्ति प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा ना ही किसी से करवाएगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा, परन्तु विशेष परिस्थितियों में आवश्यक होने पर भी, अर्थात् क्रय/विक्रय, रहन, स्वरूप/शीर्षक/भू-उपयोग परिवर्तन सम्बन्धी कार्य, इस अधिसूचना के जारी होने के पश्चात् भूमि-अवाप्ति अधिकारी (सक्षम प्राधिकारी) एवं उपखण्ड अधिकारी, दाँतारामगढ़ की बिना पूर्वानुमति के नहीं कर सकेगा

अधिनियम की धारा-15 के तहत् यथा बंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिवस की अवधि में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार (खातेदार) को भूमि-अर्जन से सम्बन्धी कोई आपति/आक्षेप यदि कोई हो, तो भूमि-अवाप्ति अधिकारी (सक्षम प्राधिकारी) एवं उपखण्ड अधिकारी, दाँतारामगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर सकता हैं।

अत: एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि संलग्न अनुसूची में उल्लेखित भूमि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-08 (आंतेला) जिला जयपुर से गढ़तकनेट काँवट खण्डेला गोंरिया जीणमाता खाचरियावास किमी 139/500 से 155/000 (राज्य राजमार्ग संख्या-83) पर ''खाचरियावास बाईपास सड़क निर्माण परियोजना'' के निर्माण/विकास के लिए जनहित में अर्जित किया जाना अत्यावश्यक हैं।

**आर.के. लूथरा**
**संयुक्त सचिव ( पथ ),**
**सा.नि.विभाग, राजस्थान, जयपुर।**

**DIPR/C/914/2026**

# विराट हिन्दू सम्मेलन का सिलसिला शुरू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजधानी में विराट हिन्दू सम्मेलन के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया है। यह क्रम एक माह तक चलेगा। इसी कड़ी में रोड नंबर 17 विश्वकर्मा की प्रताप बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सालासर धाम के महंत डॉ विष्णु दत्त शर्मा थे। उन्होंने हिंदू समाज से जातिगत भेदभाव भुलाकर समरसता पूर्वक रहने का आह्वान किया। उन्होंने सभी हिंदू आपस में भाई है, हिंदुओं की रक्षा ही हम सबकी दीक्षा है। विशिष्ट अतिथि हनुमान मंदिर आश्रम करतारपुरा के महंत गोपाल शरण ने भी आशीर्वचन दिए। मुख्य वक्ता के रूप में संघ के प्रचारक एवं प्रांत के घोष प्रमुख मनोज कुमार ने समाज के सभी वर्गों को एक धारा में आने और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। कार्यक्रम में राम दरबार की सजी झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में राजा पार्क के श्रीराम मंदिर में एक फरवरी को दोपहर 2 बजे से श्री राम बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के अंतर्गत एक भव्य शोभायात्रा परमानन्द भवन से प्रारंभ होकर राम गलियों के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: परमानन्द भवन पहुंचेगी। गलता पीठाधीश्वर स्वामी सम्पत कुमार अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में हनुमान चालीसा पाठ होगा। इसके बाद उनके आशीर्वचन होंगे। महिला मंडली की ओर से भजन होंगे। मातृ शक्ति की ओर से भारत माता की महाआरती की जाएगी। एक फरवरी को सुबह दस बजे से श्योपुर रोड स्थित चांदनी गार्डन में माधव बस्ती-श्योपुर, प्रतापनगर का विराट हिंदू सम्मेलन गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में होगा। हिंदू सम्मेलन के अवसर पर सम्मान समारोह भी होगा। दोपहर 12 बजे से संत आशीर्वचन होंगे। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसी श्रृंखला में आदर्श नगर स्थित आनन्दपुरी पार्क में 1 फरवरी को सुबह 11 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता श्री गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेंद्र आचार्य महाराज होंगे। इससे पूर्व धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से सुबह सवा नौ बजे बीस दुकान स्थित कृष्णा मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति सिर पर कलश लेकर चलेंगी। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा आनन्दपुरी पार्क पहुंचेगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन सैनी ने बताया गया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर यह आयोजन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव एवं राष्ट्र सेवा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में अंजू शर्मा, विजेता खड़ोलिया, अनीता बैरवा, सविता चौहान एवं रजनी लालवानी सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सनातन संस्कृति, हिन्दू एकता और सामाजिक समरसता को सशक्त करने के उद्देश्य से विराट हिन्दू सम्मेलन 30 जनवरी को कालवाड़ रोड पीथावास की राधा विहार कॉलोनी के बी आर पैराडाइज में शाम सवा चार बजे से हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और एकात्मकता यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन का आयोजन सकल हिंदू समाज, हाथोज की ओर से किया जाएगा। मानसरोवर में विराट हिंदू सम्मेलन 8 फरवरी को दोपहर 2 बजे से भारत माता पार्क के राधा गोविंद मंदिर में आयोजित होगा। हिंदू सम्मेलन के पूर्व 7 फरवरी को मातृशक्ति की ओर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा 7 फरवरी को सुबह 11 बजे किरण पथ स्थित किरण पथ स्थित गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर मोती पथ, रजत पथ मुख्य मार्ग से राधा गोविंद मंदिर में पहुंचेगी। कलशों का वितरण प्रारंभ हो गया है। जवाहर नगर बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्थानीय कार्यकर्ताओं के सतत प्रयासों से हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं की निष्ठा, परिश्रम और सामाजिक समरसता के संकल्प उभरा। सम्मेलन में हिंदू की व्यापक और राष्ट्र हितकारी परिभाषा को प्रभावी शब्दों में प्रस्तुत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू यानी राम, और राम यानी राष्ट्र का मंगल। जो व्यक्ति राष्ट्र के कल्याण के लिए तन-मन-धन से समर्पित होकर, आवश्यकता पड़ने पर अपने प्राणों की आहुति देने को तत्पर रहता है, वही सच्चा हिंदू कहलाता है। मुख्य वक्ता पर्यावरण गतिविधि के संयोजक अशोक शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए समाज का हर नागरिक शरीर, बुद्धि और चरित्र से बलशाली बने। अपनी बल, बुद्धि और विद्या के माध्यम से भारत माता को सशक्त, समृद्ध और समर्थ बनाने का संकल्प ही इस हिंदू सम्मेलन का मूल भाव है। अन्य वक्ताओं ने युवाओं से अनुशासन, सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रेम को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।



# समाज की सक्रिय भागीदारी से सफल होगी पोषण एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाएं



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में गुरुवार को जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गाजसर में आंगनबाड़ी केन्द्र में गुरु गोलवलकर आंकाक्षी ब्लॉक योजना अंतर्गत पोषण एवं शैक्षिक कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा, अभिषेक चोटिया, एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, आईसीडीएस डीडी नरेन्द्र सिंह, सीपी शर्मा, सूर्यप्रकाश ढाका सहित अतिथि मंचस्थ रहे। इस मौके पर सीईओ श्वेता कोचर ने कहा कि गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक योजना का मूल उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के सूचकांकों में ठोस सुधार लाना है। पोषण एवं शिक्षा बच्चों और माताओं के समग्र विकास की नींव हैं, जिन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों के माध्यम से स्वास्थ्य व पोषण पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बसंत शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार महिला, बच्चों, युवाओं व किसानों के हित के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। पोषण एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाएं तभी सफल होगी जब समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। ऐसे कैंप जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए हम सभी राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करें और ग्रामीण महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी देते हुए स्वास्थ्य संवर्धन करें। अभिषेक चोटिया ने कहा कि राज्य सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों तक लाभ सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अभिभावक के रूप में बच्चों व युवाओं के सुदृढ़ भविष्य के लिए संकल्पित प्रयास कर रहे हैं। हम सभी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा परिवेश के लोगों को भी जागरूक करें। आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि गुरू गोलवलकर आंकाक्षी ब्लॉक योजनांतर्गत प्रोजेक्ट स्माईल तथा प्रोजेक्ट गाजसर पोषण एवं शैक्षिक कैंप के माध्यम से बच्चों व गर्भवती महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में योजनान्तर्गत पूजा, किस्मत, प्रियंका, अनिता कुमारी, नीमा, सुलेखा, ममता, राधा, सरोज, सुशीला, सीमा आदि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण किट वितरित किए। आईसीडीएस व चिकित्सा विभाग की ओर से महिलाओं व बच्चों के वजनए पोषण सहित स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान सीडीपीओ सीमा गहलोत, चन्द्रकला, राजकुमार स्वामी, मनोज कुमार शर्मा, पूनम, निखिल महर्षि, सुमन, कपिल शर्मा, माया सरावग एवं अन्य कर्मचारी, महिलाएं उपस्थित रहीं। संचालन ज्योति वर्मा ने किया।

## नि:शुल्क शिविर कल

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा हर माह के अंतिम दिन लगाए जाने वाला 55वां शिविर इस माह 31 जनवरी शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में रोगी नि:शुल्क मधुमेह जांच, बीपी जांच और अपना वजन करवा सकते हैं तथा साथ ही डॉक्टर महेंद्र प्रसाद तिवारी नि:शुल्क परामर्श भी देंगे। श्रीमाधोपुर और आसपास के क्षेत्र के लोग इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### कार्यालय नगर परिषद, सीकर
Add:- Salasar Bus Stand Sikar Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

No. :- F.15( )/MCS/DEV/2025-26/206 Date: 20/ 01/2026

**निविदा सूचना 29/2025-26**

Bids for Civil Works in (total works - 06) Municipal Council, Sikar of subject metters are invited from intrested bidders up to 28.01.2026 at 03:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the portal http://sppp.rajasthan.gov.in of the state.

NIB CODE :- DLB2526B0624

| S.NO. | UBN NO. | S.NO. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB31568 | 4 | DLB2526WSOB31575 |
| 2 | DLB2526WSOB31569 | 5 | DLB2526WSOB31577 |
| 3 | DLB2526WSOB31573 | 6 | DLB2526WSOB31579 |

आयुक्त
नगर परिषद, सीकर

राज.संवाद / सी / 25 / 18674

### कार्यालय नगर परिषद फतेहपुर शेखावाटी-सीकर

क्रमांक-न.प.फ. / 2025-26 / 554 दिनांक - 23.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर परिषद फतेहपुर द्वारा ई - निविदा सूचना आमंत्रित करती है। जिसमें पंजीकृत ठेकेदार निविदा में भाग ले सकते है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण दिनांक 22.01.2026 से वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलॉड की जा सकती है।

| क्र.सं. | TENDER UBN No. | निविदा समाप्ति दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526SSOB31859 | 30-01-2026 | 02-02-2026 |

राज.संवाद / सी / 25 / 18672 आयुक्त, नगर परिषद फतेहपुर

### कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी (सीकर)

क्रमांक :- न.पा.रा / 2025-26 / 389 दिनांक :- 22.01.2026

**निविदा सूचना 33/2025-26**

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से मोहर बन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी लोक उपापन पोर्टल http://sppp.raj.nic.in पर NIB Code DLB2526B0690 Bid Title/(UBN) DLB2526SSOB31747 एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

नोट:- निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगढ (सीकर)

राज.संवाद / सी / 25 / 18485

## कार्यालय उप वन संरक्षक, सीकर (राजस्थान)

**( सांवली रोड, सीकर-332001; Ph. No. 01572-274094, email: dcf.sikar.forest@rajasthan.gov.in, dcfsikar@gmail.com )**

क्रमांक : एफ ( ) भण्डार/उवसंसी/2025-26/ दिनांक :-

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

राजकीय निर्माण विभागों में सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि इस वन मण्डल के अधीनस्थ रेंज सीकर/फतेहपुर में निम्नानुसार कार्य करवाया जाना है। जिसके लिए ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। समस्त ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 16-01-2026 सायं 6:00 बजे से संबधित ई-निविदा साईट से डाउनलोड कर दिनांक 29-01-2026 को सायं 6:00 बजे तक ई-निविदा प्रपत्र मय अन्य दस्तावेज अपलोड किये जा सकते है। ऑनलाईन निविदाएँ वन मण्डल कार्यालय में दिनांक 30-012026 को प्रात: 11:00 बजे खोजी जावेगी।

| क्र.सं | निविदा संख्या | नाम कार्य | स्थान का नाम जहां कार्य करवाया जाना | अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | अमानत राशि | MD, RISL शुल्क (रूपये में) | निविदा शुल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 107/2025-26 | Construction of Gajibo Hut (3 nos). Sign Board (5 nos), water exit Nali and Water Hole (2 nos) | ईकोलॉजी पार्क एवं पक्षी विहार, बीड़ नानी | 13.93 | 27,900/- | 500/- | 500/- |
| | UBN:-FOR2526WSOB04964 | | | | | | |
| 2 | 108/2025-26 | Construction of Iron Sign Board | ईकोलॉजी पार्क एवं पक्षी विहार, बीड़ नानी | 6.10 | 12,200/- | 500/- | 500/- |
| | UBN:-FOR2526WSOB04965 | | | | | | |
| 3 | 109/2025-26 | Construction of Indian National Flag | सिटी नेचर पार्क, फतेहपुर | 6.00 | 12,000/- | 500/- | 500/- |
| | UBN:-FOR2526WSOB04968 | | | | | | |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा के विस्तृत नियम शर्तें एवं माल/सेवा से संबंधित मात्रा/संख्या एवं विशिष्टयां आदि निविदा प्रपत्र में अंकित है।

उप वन संरक्षक
सीकर

DIPR/C/1382/2026

# हिन्दू सम्मेलन आयोजित



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** संपूर्ण भारत में हो रहे हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला में मालसर मंडल का हिंदू सम्मेलन सांवत राम बाबा मंदिर बिशनपुरा में हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता मानसिंह ने समस्त हिंदू समाज को जातिवाद व छुआछूत से ऊपर उठकर हिंदू समाज को संगठित रहने का, पर्यावरण संरक्षण और पॉलीथीन मुक्त भारत एवं स्व का बोध, स्वदेशी अपनाने, नागरिक शिष्टाचार व सभी युवाओं से 25 वर्ष की आयु से पहले ही विवाह करने का आह्वान किया। सम्मेलन में भारत की महान परम्पराओं, महापुरुषों द्वारा समाज को एक रस करने में हुए योगदान की बात कही। सांवर मल जांगिड ने बताया सम्मलेन का मुख्य आकर्षण दो जगहों से निकली कलश यात्रा रही। सम्मेलन में हवलदार उगमसिंह, श्याम सुंदर जांगिड़, कृष्ण पुजारी, केशर देव, ओम प्रकाश योगी, ओम प्रकाश महला, मंगतू सिंह, निवास कुलहरि, महेंद्र कुलहरि, मोहर सिंह, किशोर चारणवास आदि मंचासिन रहे व संत सान्निध्य बूटी नाथ धाम महंत लखन गिरी का रहा। सम्मेलन में मालसर, पातुसारी, देवीपुरा, दौरादास, मिश्रपूरा, बिंजूसर, बिशनपुरा, हमीरवास गांव के हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 1 हजार 175 किलोग्राम के प्लास्टिक का उपयोग कर बनाई 15 बेंचेज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान बिसलेरी टीम की ओर से 1 हजार 175 किलोग्राम के प्लास्टिक की बोतलों को एकत्रित कर रिसाइकिलिंग के माध्यम से 15 बेंचेंज का निर्माण कर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सुर्पुद की गई। शासन सचिव-युवा मामले एवं खेल विभाग तथा अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद डॉ नीरज कुमार पवन ने बिसलेरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह हरित खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में हमारी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके अलावा यह कोशिश बेंच ऑफ ड्रीम्स कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में मदद करते हुए पुनर्चक्रण और सतत जीवन शैली की संस्कृति को प्रेरित करेगा। डॉ पवन ने कहा कि संस्था का यह प्रयास सर्कुलर इकोनॉमी का बेहतरीन उदाहरण है, जिसमें फेंके गए प्लास्टिक को उपयोगी और रोजमर्रा के उत्पादों में बदला जाता है। इस मौके पर सीएसआर एग्जीक्यूटिव वीनी भारद्धाज को राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन के दौरान पीने के पानी की बोतलों को एकत्रित कर 60 किलो के बोतलों के ढक्कन को रीसाइक्लिंग कर एक बेंच का निर्माण किया गया। बेंच पर अन्तर्राष्ट्रीय संस्था माउथ एंड फुट पेंटिग आर्टिस्ट्स एसोसिएशन के प्रतिभाशाली कलाकारों के द्वारा अनोखी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है।

# महिला के पेट से निकाला पांच किलो का विशाल ट्यूमर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** 63 वर्षीय मरीज गीता देवी ने पेट में गंभीर समस्या के चलते मणिपाल हॉस्पिटल की ओपीडी में परामर्श लिया। मरीज का 15 वर्ष पूर्व पेट के ट्यूमर का ऑपरेशन हो चुका था, जिसके बाद अब पुन: पेट में एक बड़ा ट्यूमर विकसित हो गया था। कई अस्पताल और डॉक्टर्स को दिखने के बाद मरीज डॉ मोनिका गुप्ता जीआई सर्जन मणिपाल हॉस्पिटल के पास पहुंची थी। मरीज अपने साथ पुरानी जांचों की रिपोर्ट भी लेकर आई थी। जाँच रिपोर्ट्स में ट्यूमर को बेनाइन बताया गया था हालांकि लिपोसारकोमा (कैंसर की संभावना) से इनकार नहीं किया जा सकता था। डॉ मोनिका ने मरीज की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए सभी सम्भावना से अवगत करवाया और मरीज को इस बड़ी और जटिल सर्जरी के बारे में विस्तार से समझाया, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर मल्टी-ऑर्गन रीसैक्शन भी किया जा सकता था। एनेस्थीसिया फिटनेस के बाद मरीज की मेजर सर्जरी की गई, जिसमें एक विशाल लिपोसारकोमा ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया। यह ट्यूमर इलियोसीकल जंक्शन से चिपका हुआ था और पेट की सभी आँतों को बाईं ऊपरी दिशा की ओर धकेल रहा था। ट्यूमर को मूत्राशय, इलियक रक्त वाहिकाओं, प्सोआस मसल, सुपीरियर मेसेंट्रिक आर्टरी दोनों किडनी और केंद्रीय पेट के पूरे रेट्रोपेरिटोनियम से सावधानीपूर्वक अलग किया गया। सर्जरी के बाद ट्यूमर का वजन लगभग 5 किलोग्राम पाया गया और आकार 25 गुणा 30 सेंटीमीटर था ऑपरेशन के दौरान मरीज को 1 यूनिट रक्त चढ़ाया गया। इस जटिल सर्जरी में यूरोलॉजिस्ट डॉ डी आर धवन द्वारा यूरेटेरिक स्टेंटिंग में महत्वपूर्ण सहयोग दिया गया। मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है फिलहाल मरीज के स्वस्थ्य में सर्जरी के बाद तेजी से सुधर हो रहा हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

# आधार निजीकरण का जताया विरोध

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आधार ओपरेटर यूनियन राजस्थान की स्थानीय इकाई की ओर से आधार मशीन ओपरेटरों ने पंचायत समिति में स्थित डू इट प्रोग्रामर गौरव को सुरेंद्र जांगिड़ के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में इन हाउस मॉडल के तहत संचालित आधार सेवाओं को निजी एजेंसियों को सौंपे जाने के प्रस्ताव का विरोध जताते हुए वर्तमान आधार ओपरेटर्स की मशीनों को इन हाउस रखते हुए सेवाएं सुचारू रखे जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बंशीलाल गोदारा, संजीव मील, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

# गुमशुदगी दर्ज

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** 50 वर्षीय महिला लापता होने की घटना को लेकर महिला के पति ने स्थानीय पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील के ग्राम रघुनाथपुरा निवासी परमेश्वरलाल मेघवाल ने रिपोर्ट दी है कि उसकी पत्नी घर से निकली थी, जो अब तक वापस नहीं लौटी। उसकी सब जगह तलाश की है लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की।

# बर्ड फेस्टिवल में आमजन की हो अधिकतम भागीदारी : सुराणा

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के तालछापर वन्यजीव अभयारण्य में बर्ड फेस्टिवल 2026 के आयोजन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समुचित दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बर्ड फेस्टिवल का सफल आयोजन हो तथा आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो। जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल तालछापर में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन क्षेत्रीय विशेषताओं के संवर्धन और विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए कहा कि बर्ड फेस्टिवल की पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए तथा पूर्व अनुभवों का लाभ उठाते हुए समुचित प्रबंधन व व्यवस्था की जाए। सुराणा ने कहा कि बर्ड फेस्टिवल के दौरान स्कूली बच्चों, पर्यटन से जुड़े हुए लोगों तथा वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जाए। बर्ड फेस्टिवल में आने वाले लोगों को ताल छापर की जैव विविधता, विशेषताओं, जलवायु सहित जरूरी जानकारी दी जाए। इसी के साथ स्थानीय स्तर पर स्कूलों, कॉलेजों को अधिक से अधिक जोड़ा जाए। उन्होंने निरीक्षण कर सभी तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। इसी के साथ स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए बर्ड फेस्टिवल में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। डीएफओ भवानी सिंह ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम संतोष कुमार मीणा, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, बीदासर एसडीएम अमीलाल यादव, एसीएफ क्रांति सिंह, बीडीओ रवि कुमार, अधिशाषी अधिकारी भवानी शंकर व्यास, रेंजर उमेश बागोतिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# दो दिवसीय अंतर संकाय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय जीएचएस महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-फैकल्टी खेलकूद प्रतियोगिता का समापन प्राचार्या विनिता चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिवस खेल गतिविधियों में छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं में नींबू चम्मच दौड़, गोला फेंक, तस्तरी फेंक, भाला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता शामिल रहीं। ऊंची कूद छात्र वर्ग में लीलाधर नायक प्रथम, रितेश महिया द्वितीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद छात्रा वर्ग में राजकंवर प्रथम, ऋषिका बोचीवाल द्वितीय स्थान पर रही। लम्बी कूद छात्र वर्ग में लीलाधर नायक प्रथम, रितेश महिया द्वितीय एवं विनोद तृतीय स्थान पर रहे। लम्बी कूद छात्रा वर्ग में राजकंवर प्रथम, त्रिवेणी कँवर द्वितीय एवं अनीता व ऋषिका बोचीवाल तृतीय स्थान पर रही। निम्बू चम्मच दौड़ में ममता सैनी प्रथम, प्रियंका किलका द्वितीय एवं वर्षा मेघवाल तृतीय स्थान पर रही। तस्तरी फेंक छात्र वर्ग में लीलाधर नायक प्रथम, विनोद द्वितीय एवं विकास डूकिया तृतीय स्थान पर रहे। तस्तरी फेंक छात्रा वर्ग में लक्ष्मी कालेर प्रथम, त्रिवेणी कँवर द्वितीय एवं ऋषिका बोचीवाल तृतीय स्थान पर रही। गोला फेंक छात्र वर्ग में लीलाधर नायक प्रथम, विकास डूकिया द्वितीय एवं सुरेन्द्र गोरा तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक छात्रा वर्ग में राजकंवर प्रथम, लक्ष्मी कालेर द्वितीय एवं त्रिवेणी कँवर व रुचिका बिरड़ा तृतीय स्थान पर रही। भाला फेंक छात्र वर्ग में लीलाधर नायक प्रथम, सुरेन्द्र गोरा द्वितीय एवं विकास डूकिया तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक छात्रा वर्ग में राजकंवर प्रथम, ममता सैनी द्वितीय एवं प्रियंका किलका तृतीय स्थान पर रही।

# विवाह वर्षगांठ पर राजकीय विद्यालय में अलमारी भेंट



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** समाजसेवी संस्था हनुमान प्रसाद सीताराम सेवा समिति ने तहसील के ग्राम घुमांदा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने अपने सुपुत्र सीए सचिन दाधीच और पुत्रवधू सीए अंजलि दाधीच की विवाह वर्षगांठ पर विद्यालय में अलमारी भेंट की तथा सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की। इस मौके पर मुख्य अतिथि शर्मा ने समिति के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि हम सबको मिलजुल कर देश और समाज के विकास में यथाशक्ति सहयोग करना चाहिए। उन्होंने वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि प्लास्टिक डिस्पोजल पर्यावरण के लिए हानिकारक है। विशिष्ट अतिथि वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासित और संयमित जीवन जीने की प्रेरणा दी। संस्था प्रधान मनोज कुमार अग्रवाल ने शाब्दिक स्वागत किया तथा समिति द्वारा राजकीय विद्यालयों में दिए जा रहे सहयोग को प्रेरणादायक कार्य बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक चेतन सिंह, मनोज डूडी, कुलदीप शर्मा, जितेंद्र गोदारा, विशाल शर्मा, भागीरथ प्रसाद, मदन सिंह चारण, रामलाल, पुष्पा, संगीता सारण, सुमन खोथ, रमेश मीणा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन उप प्राचार्य सुभाष नैण ने किया।

# युवक ने की आत्महत्या

निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। क्षेत्र में डिप्रेशन में आए 25 वर्षीय युवक ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने बताया कि शहर के वार्ड संख्या 42 स्थित गणेश धोरा निवासी 35 वर्षीय राकेश भार्गव ने रिपोर्ट दी कि उसका 25 वर्षीय छोटा भाई आकाश कलर पुटी का काम करता था तथा अविवाहिता था। वह पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में था, जिसने बुधवार रात कमरे में पंखे के हुक से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लाश पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दी। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर रतनलाल कर रहे हैं।

# विहिप की जिला बैठक आयोजित

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** संचियालाल आदर्श विद्या मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक परिषद् के जिला अध्यक्ष सुभाष पारीक की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग मंत्री गजानंद दाधीच ने कहा कि परिषद के क्रिया कलापों को सूचारु रखने एवं सक्रियता बनाए रखने के लिए संगठन के कार्यों को क्षेत्र की प्रत्येक ग्रामीण और बस्ती स्तर की इकाई तक ले जाना होगा। जिला अध्यक्ष सुभाष पारीक ने आह्वान किया कि आने वाली 1 फरवरी को सामाजिक समरसता के प्रतीक और हिन्दू जन मानस को एकता के सूत्र में पिरोने वाले समाज सुधारक संत रविदास की जयंती हिन्दू समाज के प्रत्येक नागरिक द्वारा मनाई जा सके इस हेतु प्रयास करना चाहिए। परिषद् की धर्म प्रसार प्रान्त टोली के सदस्य नरेंद्र भाटी ने पंच परिवर्तन के समाज सुधारक प्रयासों को आमजन तक पहुंचाने की अपील की। परिषद् के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महर्षि ने सभी का आभार प्रकट किया। बैठक में सरदारशहर के नारायण भोजक को बजरंग दल जिला सह संयोजक, प्रखंड रतनगढ़ हेतु लधासर के मुकेश सारस्वत को प्रखंड मंत्री, प्रखंड सरदारशहर हेतु संदीप जागा को सामाजिक समरसता प्रमुख, चंद्रप्रकाश सोनी को सत्संग प्रमुख, हनुमान राव को बजरंग दल सह संयोजक, लक्ष्मी सैन को दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका, ग्राम इकाई घड़सीसर हेतु राजा अठवाल को बजरंग दल संयोजक, भैरू अठवाल एवं राधेश्याम को बजरंग दल सह संयोजक का नवीन दायित्व प्रदान किया। बैठक में राजेश सुंदरिया, प्रेम प्रकाश तूनवाल, सीमा पारीक, शिवदयाल पारीक, कृष्ण कुमार रामावत, ओम मनोहर स्वामी, रोहिताश सहदेवड़ा, जगदेव सांखोलिया, रामदेव चंदनिया, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, दिनेश कुमार नाई, मुरली मनोहर प्रजापत आदि दर्जनों दायित्वधारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अरविन्द मिश्रा ने किया।

# अन्नपूर्णा रसोई का किया औचक निरीक्षण



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत चनाना में गुरुवार को पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र डूडी एवं सहायक विकास अधिकारी इमामुदिन ने अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत नाश्ता और खाना जहां दिया जा रहा था वहाँ पहुंच कर उन्होने औचक निरीक्षण किया। अन्नपूर्णा रसोई की व्यवस्था की जांच की गई एवं खाने के कूपन की संभाल की साथ ही खाने की गुणवता, साफ सफाई आदि की जांच की। खाने-पीने के सामान का रख रखाव भी देखा। अन्नपूर्णा रसोई की संचालिका लता मौके पर खाना परोसने में व्यस्त थी एवं लोग खाना खा रहे थे। खाने की साफ सफाई एवं उतम व्यवस्था मिली। इस मौके पर पंचायत प्रशासक चरण सिंह धींवा, आकाश, कुलदीप श्योराण, ग्राम विकास अधिकारी रमन धनखड़, कनिष्ठ सहायक ममता मीना भी मौके पर उपस्थित रहे। जांच अधिकारियों ने अन्नपूर्णा रसोई की व्यवस्था देख कर संतोष जाहिर किया।

# खानपुर अंडरपास का समाधान करवाने की मांग ज्ञापन सौंपकर जन आंदोलन की दी चेतावनी

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** ग्राम खानपुर में बने रेल्वे अंडरपास में पानी भराव का समाधान नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने रेल्वे स्टेशन मास्टर के मार्फत उच्चाधिकारियों को ज्ञापन भेजकर स्थाई समाधान करवाने की मांग की है अन्यथा बड़ा जन आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन में हरजीराम, नानूराम, भामूराम, सुभाष, भवानी, समीर चौहान आदि ने बताया कि जब से यहां अंडरपास का निर्माण किया गया है तब से ही इस आरयूबी में दो-तीन फीट पानी हरदम भरा रहता है। इस जलभराव के कारण अंडरपास से गाड़ियों और पैदल सवार लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है। आरयुबी में पानी भराव की समस्या को लेकर रेल्वे विभाग व स्थानीय प्रशासन को कई बार लिखित में अवगत करवाया गया लेकिन बावजूद इसके समस्या समाधान का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया।

## हादसे के बाद भी नहीं लिया सबक

संजय ढाका ने बताया कि बीते दिनों यहां धनपत जाट पुत्र नाथूराम निवासी पदमपुरा की गाड़ी फंस जाने से उनकी संदिग्ध मौत हो गई। घटना के बाद भी विभाग के अधिकारी अब तक गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। प्रशासक हरदयाल रुलाणिया का कहना है कि ग्राम खानपुर भियाणी का श्मशान घाट व खेल मैदान इस अंडरपास की दूसरी तरफ है आरयुबी में पानी भराव के कारण यह किसी काम का नहीं रहा यहां फिर कोई और बड़ा हादसा होने की संभावना बनी है। इसमें कोई स्थाई समाधान की राह निकाली जाए अन्यथा ग्रामीणों द्वारा जन आन्दोलन की तैयारी की जाएगी।

## इनका कहना है

अंडरपास में जलभराव की डिवाटरिंग करवाकर पानी का लेवल जीरो किया जा रहा है इसके बाद ही मोडिफाई कार्य शुरू किया जाएगा।

**कुलदीप चौधरी, सीनियर सेक्शन इंजीनियर इंचार्ज**

# प्रिंस स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 24 पदक

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने जिले की टीम से खेलते हुए ताइक्वांडो में 24 पदक जीते। राजस्थान राज्य ताइक्वांडो एसोसिएशन एवं जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का समापन शानदार जीत के साथ हुआ। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि योगी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में मेजबान झुंझुनूं जिले की टीम विजेता रही जबकि जयपुर की टीम ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। 27 से 28 जनवरी तक चली इस चैंपियनशिप में राजस्थान के सभी जिलों के 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ एवं अतिरिक्त जिला न्यायाधीश डॉ महेंद्र सिंह सोलंकी द्वारा किया गया। अतिथियों ने खेल को अनुशासन और आत्मरक्षा का सबसे सशक्त माध्यम बताया। इस प्रतियोगिता में प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के 35 छात्रों ने झुंझुनू जिले की टीम का प्रतिनिधित्व किया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मेडल की झड़ी लगा दी। विजेता खिलाड़ियों को जिला कलेक्टर द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। स्वर्ण पदक तनु कुमारी नेहरा, विरेन चौधरी, जानवी, दृष्टि, प्रियांशी चौधरी, कीर्ति झाझड़िया, अंशुल डूडी एवं शिवम। रजत पदक दिशांत जांगिड़, वैष्णवी, प्रिंस, साक्षी, भविष्य, अद्विक, ईशा, शैलजा, दीपिका नायक एवं गगन। कांस्य पदक कार्तिक, हिमांशुए सैनी एवं दिव्यांशु। इस अवसर पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ जीएल कालेर ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रिंस स्कूल प्रबंधन ने इस शानदार सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए इसे प्रशिक्षकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों के अनुशासन का परिणाम बताया है। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी, पीसीआई हैड अनूप सिंह व सभी स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# शर्मा को विद्या वाचस्पति का मानद सम्मान



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के मानोता जाटान गांव के रा. वरिष्ठ उपाध्य संस्कृत विद्यालय कालच्या जयपुर में कार्यरत प्रधानाचार्य रमेश कुमार शर्मा को काशी हिन्दी विद्यापीठ वाराणासी उत्तर प्रदेश द्वारा उनकी सुदीर्घ सारस्वत साधना के क्षेत्र में शैक्षिक प्रदेभों/सेवाकार्य तथा राष्ट्रिय, अंतर्राष्ट्रिय प्रतिष्ठा के आधार पर विद्या वाचस्पति का मानद सम्मान प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य रमेश कुमार शर्मा गाँव मानोता जाटान के मूल निवासी है हाल आबाद कालच्या जयपुर में कार्यरत है। इन्होने प्रारम्भ में अपनी सेवा वरिष्ठ अध्यापक विज्ञान पद पर कार्यरत रहकर अपनी सेवाए दी है।


## आम सूचना

मेरे पति राजेश कुमार ढाका पुत्र श्री रामोवतार ढाका जाति-जाट निवासी मानोता जाटान, झुंझुनू का दिनांक 27-12-2025 को स्वर्गवास हो गया है। इनके नाम मोटर कार RJ-18-CD-4693 थी जो मैं सरिता देवी पत्नी राजेश कुमार मेरे नाम करवा रही हूं। किसी को आपति है तो 7 दिवस में जिला परिवहन कार्यलय झुंझुनू में सम्पर्क करें।

## नाम परिवर्तन

मैं रफीक किलानिया पुत्र फतेह मोहम्मद, जाति-धोबी, निवासी-वार्ड नं. 11, मण्डावा, तहसील-मण्डावा, जिला-झुंझुनू (राज.)। मेरा नाम रफीक है जिसे बदलकर मैंने रफीक किलानिया रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें। भविष्य में नामों को लेकर किसी भी प्रकार का विवाद होने पर मैं स्वयं जिम्मेवार रहुंगा।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190